दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता

सुपौल, सीतामढ़ी मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 25 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 461

संक्षिप्त खबरें ।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपने पहले केस के लिए कितनी ली थी फीस? सुप्रीम कोर्ट में खुद बताया

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपनी सख्त टिप्पणियों और फैसलों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं. सीजेआई चंद्रचूड़ वर्तमान में भारतीय न्याय व्यवस्था के सबसे बड़े जज हैं. उनके आदेश देशभर के लिए नजीर बनते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं जब उन्होंने कानून की पढ़ाई पूरी करके बतौर वकील बॉम्बे हाई कोर्ट में अपना पहला केस लड़ा था तब अपने मुवक्किल से कितनी रुपये की फीस ली थी? कपिल सिब्बल, तुषार मेहता और अभिषेक मनु सिंघवी जैसे सुप्रीम कोर्ट के जाने–माने वकील किसी केस की एक सुनवाई में पेश होने के लिए लाखों में फीस लेते हैं, लेकिन सीजेआई चंद्रचूड़ की बतौर वकील पहली फीस आपको हैरान कर देगी। सीजेआई चंद्रचूड़ ने खुद अपनी पहली फीस का खुलासा किया है. दरअसल वह सोमवार को विभिन्न राज्यों में बार काउंसिल में नामांकन के लिए 'उच्च शुल्क' वसूलने के मामले की सुनवाई कर रहे थे, तभी उन्होंने यह बात कही।

सोने की मुहर में लेते थे फीसः सीजेआई चंद्रचूड़ वर्ष 1986 में हार्वर्ड से पढ़ाई करके लौटे और बॉम्बे हाई कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस शुरू कर दी थी. उस साल उनका पहला केस तत्काल सुनवाई के लिए जस्टिस सुजाता मनोहर के समक्ष था. इस काम के लिए उन्हें महज 60 रुपये की फीस मिली थी. उस समय, वकील आम तौर पर भारतीय रुपयों में नहीं, बल्कि सोने के 'मोहर' में फीस मांगते थे, जैसा कि औपनिवेशिक दिनों के दौरान किया जाता था।

वकीलों को उनके मुवक्किलों की ओर से दी जाने वाली केस ब्रीफिंग फाइलों में एक हरे रंग का डॉकेट शामिल होता है, जिस पर रुपये के बजाय 'जीएम' (गोल्ड मोहर) शब्द लिखा होता है. वहां वकील अपनी फीस 'जीएम' में लिखते थे. उस वक्त सोने की एक मोहर की कीमत लगभग 15 रुपये थी. एक युवा मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने डॉकेट पर '4 जीएम' लिखा, जिसका अर्थ हुआ कि उन्हें 60 रुपये की फीस मिली। खैर अब आते हैं उस केस पर, जिस पर सुप्रीम कोर्ट में उखकचंद्रचूड़ सोमवार को सुनवाई कर रहे थे. इस बेंच में उनके साथ जस्टिस जेबी पारदीवाला भी शामिल थे।

मेरी मां का मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ... पीएम मोदी के प्रहार पर प्रियंका गांधी का पलटवार

लोक तंत्र की आवाज

बेंगलुरु। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलसूत्र से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर मंगलवार को उन पर पलटवार किया और कहा कि उनकी मां सोनिया गांधी का मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ है. प्रियंका ने बेंगलुरु की एक चुनावी सभा में यह भी कहा कि अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी बातें नहीं करते है।

राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमायी और संपत्ति 'घुसपैठियों' तथा ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को देने की है. पीएम मोदी ने कहा था, 'ये अर्बन नक्सल वाली सोचङ्क. मेरी माताओ–बहनोंङ्क ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे. इस हद तक चले जाएंगे।

'महंगाई ने कितनों के मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिए': प्रियंका गांधी ने कहा, 'अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी बातें नहीं करते.. 55 साल क्या कांग्रेस ने किसी का सोना या मंगलसूत्र छीना? जब देश युद्ध लड़ रहा था, इंदिरा जी ने अपने गहने देश को दे दिए थे. मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश के लिए कुर्बान हुआ.' उन्होंने कहा, 'जब मेरी बहनों को नोटबंदी के चलते अपने मंगलसूत्र गिरवी रखने पड़े तब प्रधानमंत्री जी कहां थे. प्रधानमंत्री जी तब कहां हैं जब कर्ज तले दबे किसान की पत्नी को अपना मंगलसूत्र बेचना पड़ता है. प्रधानमंत्री जी ने मणिपुर की उस महिला के बारे में क्यों कुछ नहीं बोला जिसे निर्वस्त्र करके घुमाया गया. महंगाई ने आज कितनों के मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिए हैं।

महंगाई ने कितनों के मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिएः प्रियंका गांधी ने कहा, 'अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी बातें नहीं करते.. 55 साल क्या कांग्रेस ने किसी का सोना या मंगलसूत्र छीना? जब देश युद्ध लड़ रहा था, इंदिरा जी ने अपने गहने देश को दे दिए थे. मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश के लिए कुर्बान हुआ.' उन्होंने कहा, 'जब मेरी बहनों को नोटबंदी के चलते अपने मंगलसूत्र गिरवी रखने पड़े तब प्रधानमंत्री जी कहां थे. प्रधानमंत्री जी तब कहां हैं जब कर्ज तले दबे किसान की पत्नी को अपना मंगलसूत्र बेचना पड़ता है. प्रधानमंत्री जी ने मणिपुर की उस महिला के बारे में क्यों कुछ नहीं बोला जिसे निर्वस्त्र करके घुमाया गया. महंगाई ने आज कितनों के मंगलसूत्र गिरवी रखवा दिए हैं।

ध्यान भटकाने के लिए ऐसी बातें कर रहे पीएम मोदीः समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, जनसभा से इतर विशेष बातचीत में प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री ध्यान भटकाने के लिए ऐसी बातें कर रहे हैं. उन्होंने कहा, 'वे (भाजपा) हर चीज के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन उन मुद्दों पर चुप हैं जिनका लोग सामना कर रहे हैं. बहुत सारे मुद्दे हैं चाहे किसान हों, छात्र हों, नौकरी की तलाश कर रहे युवा हों, मदद की तलाश में महिलाएं हों, बहुत सारे बड़े मुद्दे हैं. ध्यान इन्हीं मुद्दों पर केंद्रित करना चाहिए। प्रियंका ने कहा, 'ऐसे मुद्दों को हमेशा उठाया जाता रहा है ताकि लोगों का ध्यान भटके और उनकी भावनाएं भड़कें और फिर वे समझबूझ कर वोट करने की बजाय भावनाओं से वोट करें.' कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, 'जब उनके (प्रधानमंत्री) पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो अब भटकाने के लिए इधर–उधर की बातें कर रहे हैं.' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस का घोषणापत्र महिलाओं को एक लाख रुपये देकर उन्हें मजबूत करने की बात करता है, छात्रों का ऋण माफ करने की बात करता है, किसानों की कर्जमाफ़ी और एमएसपी की गारंटी की बात करता है. 30 लाख सरकारी पदों को भरने की बात करता है.' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री जी बताएं कि वो इन मुद्दों पर चुप क्यों हैं? मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि एक चुनाव मुद्दों पर लड़कर दिखाएं।

जब देश युद्ध लड़ रहा था तो इंदिरा जी ने अपना गहना देश को दिया था

'नरेंद्र मोदी की सरकार में झूठ हावी'

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, 'लेकिन आज नरेंद्र मोदी की सरकार में झूठ हावी है, जब वह अनुचित तरीकों से सरकारें गिराते हैं, तो मीडिया इसे 'मोदी का मास्टरस्ट्रोक' कहता है.' उन्होंने अब खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के बारे में दावा किया कि जिन कंपनियों पर छापे मारे गए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चंदा दिया और फिर उनके खिलाफ मामले बंद कर दिए गए. उन्होंने आरोप लगाया, 'अब यह स्पष्ट हो गया है कि कैसे नोटबंदी के माध्यम से काले धन को सफेद किया गया और फिर इसे भाजपा के खाते में जमा किया गया। प्रियंका ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि जो कंपनियां 100 करोड़ रुपये भी कमाने में असमर्थ थी, उन्होंने भाजपा को (चुनावी बॉण्ड योजना के तहत) 1,100 करोड़ रुपये का चंदा कैसे दिया. उन्होंने कहा, 'विपक्ष को भ्रष्ट कहकर निशाना बनाया जाता है लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा भ्रष्ट है और उसने पिछले 10 वर्षों में देश को गुमराह किया है।

नैतिकता छोड़कर नाटक कर रहे सबसे बड़े नेता

इससे पहले, प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'एक जमाना था जब देश में एक नेता खड़ा होता था तो देशवासी उससे ये आशा रखते थे कि वह एक नैतिक इंसान होगा. आज देश के 'सबसे बड़े नेता' नैतिकता को छोड़कर आपके सामने नाटक करते हैं.' उन्होंने कहा, 'एक जमाना था जब हम अपने नेताओं से ये उम्मीद रखते थे कि वे सत्य के पथ पर चलेंगे. आज देश के सबसे बड़े नेता अपनी सत्ता दिखाने निकलते हैं, अपनी शान, अपनी शोहरत दिखाते हैं, लेकिन सत्य के पथ पर नही चलते। प्रियंका ने कहा कि एक समय था जब नेता परोपकारी और सेवा–उन्मुख होते थे लेकिन अब लोग 'देश के सबसे बड़े नेता' में केवल अहंकार देखते हैं. कांग्रेस नेता ने रेखांकित किया कि सत्य के रास्ते पर चलना और दूसरों की सेवा करने के भाव के साथ देश की सेवा करना हिंदू परंपरा के साथ–साथ राजनीतिक परंपरा भी रहा है. उन्होंने कहा कि पिछले सभी प्रधानमंत्रियों ने, चाहे वे किसी भी पार्टी से रहे हों, देश के लोगों के लिए समर्पण के साथ काम किया।

भारत के एमडीएच व एवरेस्ट के 4 मसालों में कैंसर पैदा करने वाला केमिकल, विदेश में लगा बैन, घरों में खूब होता है इस्तेमाल

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मसालों का जिक्रकिए बिना दुनिया का इतिहास पूरा नहीं किया जा सकता है। भारतीय आर्थिक व्यवस्था की शुरुआत से लेकर मजबूती तक इनकी भूमिका अहम रही है। भारत को मसालों का देश भी कहा जाता है और यहां के मसालों की क्वालिटी दुनिया में सबसे बेस्ट है। स्वास्थ्य के लिहाज से मसालों का सेवन बहुत लाभकारी होता है। यह इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, पाचन सुधारते हैं और कई सारे रोगों के खिलाफ सुरक्षा देने का काम करते हैं।फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया कहता है कि कभी भी खुले मसालों को

नहीं खरीदना चाहिए। इनमें हानिकारक मिलावट हो सकती है और हमेशा डिब्बाबंद व प्रतिष्ठित ब्रांड के मसाले इस्तेमाल करें। लेकिन भारत के ही दो बड़े ब्रांड के 4 मसाले हॉन्ग कॉन्ग में फेल हो चुके हैं। वहां की फूड सेफ्टी अथॉरिटी ने इनके अंदर कैंसर पैदा करने वाला तत्व ज्यादा मात्रा में पाया है। हॉन्ग कॉन्ग के साथ सिंगापुर में ये बैन हो चुके हैं।

यह रिपोर्ट हॉन्ग कॉन्ग के फूड एंड एनवायरमेंटल हाइजीन डिपार्टमेंट के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (CFS) ने 5 अप्रैल को जारी की। MDH और Everest ब्रांड के मिलाकर 4 मसालों में कैंसर करने वाले पेस्टीसाइड एथिलीन ऑक्साइड ज्यादा मिला। टेस्टिंग में टऊ्ल के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स्ड मसाला पाउडर, करी पाउडर मिक्स्ड मसाला पाउडर और Everest के फिश करी मसाला के सैंपल फेल हुए। हॉन्ग कॉन्ग और सिंगापुर में बैन होने के बाद भारत में भी ररअक ने इन मसालों के सैंपल टेस्टिंग के लिए उठा लिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल ने भी यह कदम उठाया है। हालांकि हॉन्ग कॉन्ग फूड अथॉरिटी की इस रिपोर्ट के ऊपर दोनों में से किसी भी ब्रांड ने कोई बयान नहीं दिया है। नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के मुताबिक एथिलीन ऑक्साइड कमरे के तापमान पर एक मीठी गंध वाली फ्लेमेबल कलरलैस गैस है। इसे कीटनाशक और स्टरलाइजिंग एजेंट के रूप में भी काफी कम मात्रा के साथ इस्तेमाल किया जाता है। डीएनए को नुकसान करने की क्षमता की वजह से इसे बेहतरीन स्टरलाइजिंग एजेंट माना जाता है। नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के मुताबिक इस कीटनाशक (पेस्टीसाइड) को कई सारी चीजों को बचाने के लिए किया जाता है। इस वजह से तंबाकू, कुछ मेडिकल प्रॉडक्ट, कॉस्मेटिक्स और मधुमक्खी पालन में काम आने वाले कुछ टूल्स के अंदर भी इसके तत्व हो सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक द इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को ग्रुप 1 कार्सिनोजेन में रखा है। इस ग्रुप में वो तत्व रखे जाते हैं जिनसे कैंसर होने की पुष्टि हो चुकी है। रिपोर्ट के अंदर इस कार्सिनोजेन एजेंट की मात्रा पर्मिसिबल लिमिट से ज्यादा मिली है।

जनता मोदी को इस अपराध के लिए कभी माफ नहीं करेगीः राहुल गांधी

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। पहले चरण के मतदान के बाद आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला अभी भी जारी है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। और कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने अरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपया कर्जा माफ किया है, इतने पैसों से देश के 16 करोड़ युवाओं को 1 लाख रुपए साल की नौकरी मिल सकती थी। साथ ही 16 करोड़ महिलाओं को 1 लाख रूपए साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा

सकती थी। इसके अलावा राहुल ने प्रधानमंत्री पर पूंजीपतियों के लिए काम करने का भी आरोप लगाया है।

आपको बता दें कि राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के 'एक्स' पर ट्वीट करते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने अपने अरबपति मित्रों को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा– 10 करोड़ किसान परिवारों का कर्ज माफ कर देश में होने वाली अनगिनत आत्महत्याएं रोकी जा सकती थीं। पूरे देश को अगले 20 सालों तक मात्र 400 रूपए में गैस सिलेंडर दिया जा सकता था। देशभर में दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के हर युवा की ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई मुफ्त की जा सकती थी।

राहुल ने आगे कहा कि अगले 3 साल तक भारतीय सेना का पूरा खर्च उठाया जा सकता था। ये देश नरेंद्र मोदी को इस अपराध के लिए कभी माफ नहीं करेगा। कांग्रेस का नारा है कि अब हाथ बदलेगा हालात! कांग्रेस हर हिंदुस्तानी की प्रगति के लिए सरकार चलाएगी!

कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी

सरगुजा में बोले मोदी

लोक तंत्र की आवाज

सरगुजा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वो क्लौ१ ३ल्लौ ळ७ लगाएगी, माता–पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। पीएम मोदी ने कहा–'कांग्रेस का मंत्र है– कांग्रेस की लूटजिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।

विरासत पर भी टैक्स लगाएगी कांग्रेसः पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा–'शाही परिवार के

शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो Inheritance Tax (विरासत टैक्स) लगाएगी, माता–पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर Inheritance Tax का बोझ लाद देगी। पूरी कांग्रेस पार्टी को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें।

सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स की वकालत की थीः दरअसल, पीएम मोदी ने कांग्रेस के रणनीतिकार और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए यह बात कही। सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स का जिक्रकरते हुए कहा था कि अमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगाता है। सरकार 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है। किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है तो उसके मरने के बाद 45 फीसदी संपत्ति उसके बच्चों को और 55 फीसदी पर सरकार का अधिकार होता है। पित्रोदा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में इस तरह के कानून पर चर्चा होनी चाहिए। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने सैम पित्रोदा के इस बयान से किनारा कर लिया है। उन्होंने कहा–जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब अंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोटबैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की।

जाट लैंड में चौधरी चरण सिंह की विरासत संभलेगी या अमरपाल तोड़ेंगे भाजपा-आरएलडी की जोड़ी!

लोक तंत्र की आवाज

बागपत। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनावी रणभूमि पूरी तरह से तैयार है. 26 अप्रैल, शुक्रवार को होने वाली वोटिंग के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है. अब बाजी मतदाताओं के हाथ में है. दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी.

इनमें सबसे हॉट सीट है बागपत लोकसभा सीट. पिछले दो बार से यह सीट बीजेपी के कब्जे में थी. राष्ट्रीय लोकदल का मजबूत गढ़ मानी जाने वाली बागपत सीट को बीजेपी ने जाट नेताओं के मुंह से खींचकर अपने कब्जे में कर लिया था. लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी की एंट्री से चौधरी चरण सिंह

की राजनीतिक विरासत संभाल रहे उनके वारिशों से यहां की जनता का मोह भंग हो गया और एड़ी–चोटी के जोर लगाने के बाद भी आरएलडी अपनी इज्जत नहीं बचा पाई. हालांकि, अब राष्ट्रीय लोकदल खुद बीजेपी की गोद में है. देखना होगा कि शुक्रवार को होने वाले मतदान में बीजेपी के सहारे चुनावी वैतरणी पार कर रहे जयंत सिंह (पहले जयंत चौधरी) कितना असर दिखा पाते हैं।

खास बात ये है कि पारिवारिक सीट होने के बाद भी बागपत से चौधरी चरण सिंह परिवार का कोई सदस्य खुद सामने आकर चुनाव नहीं लड़ रहा है. जयंत सिंह के इस कदम से ही यहां रालोद के लिए संदेश की जमीन तैयार हो गई थी. फिलहाल यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है. इस सीट के लिए राष्ट्रीय लोकदल और बीजेपी के गठबंधन से डॉ. राजकुमार सांगवान मैदान में हैं. समाजवादी पार्टी–कांग्रेस के गठबंधन से अमरपाल शर्मा और बहुजन समाज पार्टी से प्रवीण बैंसला ताल ठोक रहे हैं. हरियाणा की सीमा से सटी और दिल्ली से लेकर गाजियाबाद–मेरठ तक फैली बागपत लोकसभा सीट किसी जमाने में चौधरी चरण सिंह परिवार की सीट मानी जाती थी. 1977 में पहली बार जनता पार्टी के टिकट पर चौधरी चरण सिंह ने यहां से जीत दर्ज की. उन्होंने यहां से लगातार तीन बार जीत हासिल की. 1984 के बाद इस सीट पर उनके बेटे अजित सिंह आ गए।

पी. चिदंबरम का भाजपा पर हमला, बोले- खुद चंदा लिया और हमारे खाते सील किए

लोक तंत्र की आवाज

शिमला (एजेंसी)। पूर्व यूपीए सरकार में मंत्री रहे और वकील पी. चिदंबरम एक दिन के शिमला दौरे पर पहुंचे हैं. यहां पर मंगलवार को कोर्ट केस के सिलसिले में वह हाईकोर्ट पहुंचे थे. इसके बाद चिदंबरम ने कांग्रेस वर्कर और नेताओं से मुख्यालय में मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान चिदंबरम ने मीडिया से भी बात की और भाजपा पर जमकर निशाना साधा. चिदंबरम ने कहा कि भाजपा 400 पार गणित समझ से बाहर है. केरल तमिलनाडू में भाजपा हार रही है और ऐसे में 400 सीटें जीतने का

दावा किस आधार पर किया जा रहा है. यह समझ से परे है। चिदंबरम ने शिमला में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने खुद इलेक्ट्रोल बांड से 8500 करोड़ रुपये चंदा लिया है. लेकिन अब कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए. लेकिन अब कांग्रेस की ओर से जनता खुद चुनाव लड़ रही है।

बिहार का बाजीगर कौन? पीएम मोदी-नीतीश कुमार या तेजस्वी यादव-राहुल गांधी, 5 सवालों में है जवाब

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। देश में लोकसभा चुनाव के कारण राजनीतिक तापमान उफान पर है. हर राज्य में यों तो मुकाबला चुनाव परिणाम आने तक कांटे का ही कहा जाएगा लेकिन हर बार की तरह बिहार पर सबकी नजर है. बिहार को लेकर 5 बड़े सवाल सभी के मन में है. क्या मोदी–नीतीश की जोड़ी है जीत की गारंटी? रोजगार का क्रेडिट किसे देगी बिहार की जनता? क्या नीतीश फैक्टर NDA को जीत दिलाएगा? क्या MY के साथ BAAP को भी साध पाएगा महागठबंधन (MGB)? BAAP मतलब बहुजन, अगड़ा, महिला और गरीब. इसके साथ ही पांचवा सवाल कि ठऊअ बनाम टॅइ में कौन है कमजोर कड़ी?

नीतीश जिधर, जीत उधर

बिहार में अक्सर देखा गया है कि नीतीश कुमार जिस गठबंधन में होते हैं, जीत उसी की होती है. 2019 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार NDA में थे. 2019 में एनडीए को 53.20% वोट मिले तो MGB को महज 31.90% वोट. एनडीए को मिले 53.20% वोट शेयर में BJP को

23.6% वोट मिले. JDU को 21.8% और अन्य को 7.9%. वहीं MGB को मिले 31.90% वोट शेयर में RJD को 15.4% वोट मिले थे, CONG. को 7.7% और अन्य को 8.8% वोट मिले. 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में भी जिधर नीतीश कुमार रहे, उस गठबंधन को ही जीत मिली।

नीतीश को कौन बनाता है किंगमेकर?: 2014 को लोकसभा चुनाव में JDU ने अकेले चुनाव लड़ा था. CSDS लोकनीति के अनुसार, इस चुनाव में 14 % पुरुषों ने JDU को वोट किया. वहीं 18% महिलाओं ने वोट किया. अगड़ी जाति के 8% वोट मिले. यादवों के 6%, कोइरी–कुर्मी के 30%, अन्य OBC के 18%, दुसाध के 6%, अन्य SC के 25% और मुस्लिमों के 21% वोट मिले. यही वोटर नीतीश कुमार को किंगमेकर बनाते हैं। जदयू का 2014 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो उसे दो चुनावों में 22% और एक चुनाव में 24% वोट मिला. 2019 के लोकसभा चुनाव में JDU ने वापस कर ली और 22% वोटों पर कब्जा कर लिया।

संक्षिप्त खबरें ।

24 घंटे के अंदर 14 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी :एसपी

धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट

नवादा:-कार्तिकेय के. शर्मा पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या के प्रयास में 04, मद्य निषेध में 03 एवं अन्य गिरफ्तारी 07 कुल 14 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 37 लीटर महुआ शराब एवं 02.19 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पाटन की संख्या 10 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 120 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राषि 03 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 03, मोबाईल 01 एवं ट्रैक्टर 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है। इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

सभी विभागों को अचानक आए आधी तूफान पर ठीक करने के निर्देश

गया। कल दोपहर के बाद अचानक आए आंधी तूफान के संबंध में आज जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभा कक्ष में बिजली विभाग के अभियंता, शिक्षा विभाग के अभियंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला आपदा पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक करते हुए क्षेत्रवार पूरी जानकारी ली गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि आंधी तूफान के दौरान जो भी नुकसान हुआ है उसे अविलंब ठीक करवाया जाय। समीक्षा में यह बताया गया कि 40-50 बिजली के पोल बिजली विभाग का गिरा है। शिक्षा विभाग की कुछ संरचना क्षतिग्रस्त हुई है। कुछ फसल ओलावृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई है। और कोई कहि झोपड़ी या किसी का घर कहि क्षतिग्रस्त हुआ है तो संबंधित अंचलाधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश आपदा विभाग के पदाधिकारी को दिया है।

नवादा में मिली अज्ञात व्यक्ति का शव , मची सनसनी

सुनील कुमार

नवादा : नवादा में बुधवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला ,शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी मच गया . जिसके बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा है। यह घटना नवादा नगर थाना क्षेत्र के सरकारी बस स्टैंड के चापाकल के पास की है ,जहां बुधवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि व्यक्ति मंगलवार की शाम सरकारी बस स्टैंड में घूम रहा था और उसका तबीयत खराब था। स्थानीय लोगों की सूचना पर नगर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस शव को सदर अस्पताल में सुरक्षित रखकर पहचान करने में जुटी हुई है।पुलिस ने बताया कि शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई किया जा रहा है।

नवादा में गेहूं के खेत में अचानक लगी आग ,04 बीघा में लगी फसल जलकर हुआ नष्ट किसानों में मचा हाहाकार

इस आगलगी में 150 किसानों के फसल जलकर नष्ट होने की सूचना है

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । नवादा में आगलगी के कारण खेत में लगी 04 सौ बिगहा गेहूं का फसल जलकर नष्ट हो गया ,जिससे किसानों खून -पसीने और मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों के परिजनों में घटना के बाद हाहाकार मच गया। फसल पूरी तरह से तैयार था ,अब कटनी भी शुरू हो गया था। इस आगलगी में 150 किसानों के फसल जलकर नष्ट होने की सूचना है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पराली जलाने से खेत में लगी आग और देखते हीं देखते फसल जलकर हुआ नष्ट। बता दें कि यह घटना जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र के बढ़ौना ग्राम के बघार में हुआ है। जहां 04 सौ बिगहा में लगी गेहूं का फसल जलकर नष्ट हो गया है। जिससे गांव के किसानों में त्राहिमाम मच गया। पहले ग्रामीणों ने खुद के प्रयास से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन जब आग विकराल रूप ले लिया और खेतों में आग धड़कने लगा तो स्थानीय हिसुआ थाना को फोनकर सूचना दी



गयी। घटना की सूचना मिलते हीं दमकल की गाड़ी भेजी गयी। दमकलकर्मी के घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक बढ़ौना गांव के 150 किसानों के लगभग 04 सौ बिगहा गेहूं का फसल जलकर नष्ट हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ किसानों द्वारा गेहूं काट लिए जाने के बाद पराली में आग लगा दिया गया था ,जो आग विकराल रूप लेकर आस -पास के खेतों को जला दिया। कई खेतों में फसल काटकर ढुलाई का काम किया जा रहा था ,तो कई खेतों में अभी फसल लगी हुई थी। आगलगी में किसान संजय सिंह , मक्खन सिंह समेत 150 किसानों के गेहूं का फसल जल गया है ,जिससे सभी किसान परिवार में हाहाकार मच गया। इस बाबत किसानों ने लिखित रूप से हिसुआ के प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देने की बात कही और कहा हमलोगों के फसल नुकसान की भरपाई की मांग बिहार सरकार से करते हैं। इसपर हमलोगों को भरपाई नहीं होगी तो हम पूरे परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। फसल के साथ हमारी सपने भी जलकर नष्ट हो गया है।

नवादा में 25 अप्रैल को मनाया जायेगा विश्व मलेरिया दिवस, तैयारी पूरी

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । जिला वेक्टर बौर्न डिजिज नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल को नवादा जिले में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जायेगा, इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम बिहार के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम निदेशक ने सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी और जिला वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी को गाइडलाइन भेजा है। जिसमें बताया गया है कि मलेरिया को लेकर लोगों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लोग जागरूक हो सके। जिला वेक्टर बौर्न डिजिज नियंत्रण पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त तिथि को बच्चों के साथ प्रभात फेरी गतिविधियों का आयोजन करायेंगे। विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल के अवसर पर प्रखंड स्तर, नगरपालिका एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आईसी/बीसीसी अभियान का संचालन किया जायेगा, जिसमें मलेरिया से बचाव एवं उपचार सम्बंधित जानकारियों को सम्मलित किया जायेगा। जैसे:- चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों का बैठक का आयोजन किया जायेगा। जन जागरण हेतु सम्बंधित कर्मियों के बीच मलेरिया से बचाव सम्बंधित उपायों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा। शिक्षा संस्थानों में कार्यशाला का आयोजन कर उन्हे मलेरिया उन्मूलन में सह भागी बनाने के लिए भी बताया जायेगा। मलेरिया निरोधी संदेश का सोशल मिडिया यथा ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सऐप द्वारा प्रचार-प्रसार किये जाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं लम्बी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

सिरदला : आकाशीय बिजली गिरने से तार का पेड़ बना आग का गोला

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम आकाशीय बिजली के साथ आंधी तूफान, व वज्रपात, बारिश के साथ पत्थर पड़ा। जिससे किसानों को बहुत भारी क्षति हुई है। इसी समय सिरदला नीचे बाजार गांव के बीचो-बीच एक तार के पेड़ पर बिजली गिरा जिससे तार का पेड़ आज का गोला बन गया। गोला बनते हीं लोगों में अपरा तफरी मच गया। जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड सिरदला को दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। सिरदला गांव के ग्रामीण बताते हैं कि शाम सात बजे तेज बारिश के दौरान गांव के बीचो-बीच तार के पेड़ पर बिजली गिरा बिजली की तेज गड़गड़ाहट सुनके गांव के लोग सीखने चिल्लाने लगे तार का पेड़ देखते ही देखते आग का गोला बन गया। इसी समय बिजली नहीं रहने के कारण फायर ब्रिगेड को दुबारा पानी भरने में परेशानी हुआ। मौके पर फायर ब्रिगेड के अग्निक रौशन कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

राजाबिगहा गांव से श्री सीताराम महायज्ञ के लिए निकली भव्य कलश शोभायात्रा कलश शोभा यात्रा में रथ घोड़ा समेत हजारों की गाजे बाजे के साथ संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

लोक तंत्र की आवाज़

नरहट (नवादा) । कलश शोभायात्रा के साथ राजाबिगहा गांव में 9 दिवशीय श्री सीताराम महायज्ञ प्रारंभ 25 अप्रैल से 3 मई तक 9 दिवशीय श्री सीताराम महायज्ञ का होगा आयोजन बुधवार को राजाबिगहा गांव में आयोजित श्री सीताराम महायज्ञ के लिए गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कुमारी कन्या, महिलाएं श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ जय श्री राम जय जय श्री राम का नारा लगाते कड़ी धूप में करीब तीन चार किलोमीटर पैदल चलकर इब्राहिमपुर गांव के समीप धनार्जय नदी से जलभरी की। जलभरी के बाद कलश को श्रद्धालिओं ने जय श्री राम का नारा बुलंद करते यज्ञवेदी स्थल पर स्थापित किया। कलश जलयात्रा के साथ

राजाबिगहा गांव में 9 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ प्रारम्भ हो गया। इस यज्ञ में 108 कुंड बनाया गया है जहां मुख्य यजमान अनिल सिंह एवं इनके धर्मपत्नी पुष्पा देवी समेत 108 यजमान पूजा अर्चना करेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए रास्ते में पड़ने वाले गांव के लोग जगह जगह पर जल की सेवा दे रहे थे। भीषण गर्मी पर आस्था भारी दिख रहा था। कथाब्यास देवी चित्रलेखा जी आगमन से उत्साह : यगाचार्य झुनकी पीठाधीश्वर स्वामी श्री करुनानिधान शरण जी महाराज (सिद्धपीठ सियाराम किला झुनकी घाट श्री धाम अयोध्या जी उत्तरप्रदेश) के देख रेख में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ में श्री राम कथा वाचक प्रसिध्य श्रधेय डॉ. स्वामी प्रभंजननन्द शरण जी महाराज का संगीतमय कथा प्रवचन होगा। प्रसिद्ध कथाब्यास देवी चित्रलेखा जी का भी इस यज्ञ में आगमन होने से लोगों में काफी उत्साह है। आसपास के लोग इस यज्ञ को लेकर काफी उत्साहित हैं। यज्ञ में वृंदावन के प्रसिद्ध रासलीला कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीला का मंचन कराएगें। आयोजनकर्ता ने बताया कि भव्य और विशाल यज्ञवेदी के साथ साथ कथा श्रवण के लिए श्रद्धालिओं को बैठने के लिए पंडाल आदि की सुंदर व्यवस्था की गई है। यज्ञ में आये श्रद्धालिओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए यज्ञ समिति के लोग पूरी तैयारी कर रहे हैं। दूर तक लाईटिंग से जगमग कर रहा है। काफी बढ़ गई है इसके लिए कमिटी के लोग यज्ञ में आने वाले लोगों के लिए पीने का पानी की जगह जगह व्यवस्था की गई हैं।

नवादा में अधेड़ की पीट -पीटकर हत्या , 20 अप्रील को बारात में खाना को लेकर हुआ था विवाद

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । नवादा में बहन की विदाई के लिए पहुंचा युवक के साथ मारपीट की घटना का अंजाम दिए जाने के बाद बीचबचाव करने गए एक अधेड़ की पीट - पीटकर हत्या कर दिया गया है। घटना के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल हो गया। घटना के अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया वहीं घटनास्थल पहुंचकर तहकीकात में जुटी है। यह घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के देवी बीघा गांव में हुई ,जहां पीट-पीटकर एक अधेड़ की हत्या कर दी गई है। यह पूरा मामला बुधवार का है, जहां मृतक की पहचान स्व. रामेश्वर यादव के पुत्र 50 वर्षीय ब्रह्मदेव यादव के रूप में

की गई है। अधेड़ की पीट-पीटकर का हत्या के बाद इलाका में दहशत का माहौल कायम हो गया है। मृतक के बेटा धीरज कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को अलीगंज थाना क्षेत्र के इस्त्री गांव बारात गया था, बारात में खाना खाने को लेकर विवाद हो गया था. विवाद के क्रम में कुछ लोगों के साथ मारपीट भी हुई थी और फिर पूरे मामला को समझौता भी कर दिया गया था। आज लड़की के भाई अपनी बहन को विदा करवाने के लिए देवी बीघा गांव पहुंचे थे, इसी दौरान गांव की पांच लोगों ने मिलकर लड़की के भाई के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट की घटना की जानकारी मिलते ही मेरे पिता घटनास्थल पर पहुंचकर समझा बूझकर कर मामला को शांत कर रहे थे। इसी दौरान गांव के लोगों ने अचानक मेरे पिता पर ही टूट पड़े और मेरे पिता के साथ ही मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसके बाद मारपीट के दौरान मेरी पिता की मौत हो गई। पांच लोगों ने मिलकर मेरे पिता की हत्या कर दिया है। हत्या के बाद सभी पांचो लोग घटनास्थलते फरार हो गए हैं। घटना की जानकारी स्थानीय पकरीबरावां थाना प्रभारी अजय कुमार को दी गई, जहां घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक की शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है कि 20 अप्रैल को बाराती में भोजन को लेकर विवाद हुई थी और जब आज लड़की के भाई देवी बीघा पहुंचे तो मारपीट लड़की के भाई के साथ की जा रही थी। बीच बचाव करने पहुंचे एक अधेड़ की मौत हो गई है। इस पूरे मामला की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है।

नवादा की टीम ने अरवल की टीम को 72 रनों से हराया, सौरभ सुमन बने मैन ऑफ द मैच

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नालंदा के एकंगर सराय में आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को नवादा की टीम का मुकाबला अरवल की टीम से हु। जिसमें नवादा टीम के कप्तान दीपक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 397 रनों का एक पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया। जिसमें कप्तान दीपक ने सर्वाधिक 95 रन, विवेक रंजन ने 77 यशराज सिंह ने 69 और सौरभ सुमन ने 68 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और नवादा की पूरी टीम 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 397 रन बनाए।

गेंदबाजी करते हुए अरवल की टीम के सचिन सिंह ने चार जबकि प्रशांत एवं शांतनु ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरवल टीम की भी शुरुआत काफी तेज रही और

मात्र 6 ओवर में 91 रन बिना किसी नुकसान के बना लिए थे फिर खेल में अचानक स्पिनरों का जलवा देखा गया और नवादा की जीत को सुनिश्चित किया ।अरवल की टीम 49वें ओवर में 325 रन बनाकर ऑल आउट हुई। जिसमें दीपेश गुप्ता ने 73 अंकुश राज ने 72 ,प्रकाश ने 25 एवं प्रशांत ने 23 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। लेकिन इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने में असफल रहे। नवादा की तरफ से ऑलराउंडर सौरव सुमन ने गेंदबाजी करते हुए एक बार फिर तीन खिलाड़ियों को आउट किया ।जबकि ऋतिक, यशराज ,आदर्श यशदीप ने एक-एक खिलाड़ियों को आउट किया ।इस हाई स्कोरिंग मैच में टोटल 722 रन बने और अंततः नवादा की टीम ने अरवल की टीम को 72 रनों से हरा दिया। आज के मैच में हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले सौरभ सुमन को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। नवादा की इस शानदार जीत पर जिला संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, सचिव मनीष आनंद संयुक्त सचिव सुरेश यादव, उपाध्यक्ष यशवंत सिन्हा कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे, अरुण यादव मनीष गोविंद ,आनंद मिश्रा ,विकास कुमार ,राजेश कुमार, आशीष पटेल, अजय कुमार ने टीम को बधाई दी है।

दो सप्ताह से फरार, दो छात्राओं ने आपस मे रचाई शादी, पुलिस ने किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज(नवादा):- वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से दो सप्ताह से फरार सहेलियों ने आपस में शादी रचा ली। पुलिस ने दोनों को गुजरात से बरामद कर लिया, जिसके बाद यह सनसनीखेज खुलासा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार दोनों सहेलियों ने आपस में शादी रचा ली और दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। बहरहाल, दोनों को न्यायालय में बयान कलमबद्ध कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के एक गांव की एक लड़की अपने सहेली के साथ 5 अप्रैल को वारिसलीगंज बाजार ट्यूशन पढ़ने आई थी। उसकी सहेली काशीचक थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली थी और इन

दिनों वारिसलीगंज में ही रह रही थी। साथ में दोनों एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने के लिए निकली थी। लेकिन लौटकर दोनों घर नहीं आई। तब छात्रा के पिता वारिसलीगंज के एक गांव के निवासी ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।पीड़ित पिता द्वारा आवेदन प्राप्त होते ही पुलिस ने कांड संख्या 145/24 दर्ज कर मामले की अनुसंधान में जुट गई। इस बीच वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर पुलिस बालिग तथा एक नाबालिग दोनों सहेलियों को गुजरात से बरामद कर सोमवार को थाना लाया। पुलिस के अनुसार दोनों लड़की साथ में रह रही थी।

बाजार को जाम से नहीं मिल रहा है छुटकारा, वारिसलीगंज में बस स्टैंड नहीं होने से रोज उतपन्न हो रही है जाम की समस्य

लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- आजादी के 75 वर्ष बाद भी जिले के वारिसलीगंज के लोग एक अदद बस स्टैंड के लिए तरस रहे हैं। नगर पंचायत को अपग्रेड कर नगर परिषद में प्रोन्नत कर दिया गया। नगर सरकार भी बदल गई, लेकिन नगर की सूरत नहीं बदल रही है। नगर क्षेत्र में एक वाहन पड़ाव की अति आवश्यकता है, ताकि बाजार को जाम से छुटकारा मिले और सरकार को वाहन पड़ाव से राजस्व की प्राप्ति हो सके। हाल में हुए निकाय चुनाव के दौरान नगर की सरकार भी बदल गई। नगर की प्रथम बैठक के दौरान लिए गए प्रमुख निर्णय में शहर को जाम से मुक्ति के लिए अतिक्रमण मुक्त करवाने के साथ एक वाहन पड़ाव बनाने का एजेंडा शामिल था। अब देखना है कि नगर को कब वाहन पड़ाव मिल पाता है।पिछले साल स्टैंड निर्माण की बाधाएं दूर करने

के लिए चिंतन किया गया था। इस संबंध में स्टैंड निर्माण के लिए जमीन खोजने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अंचल कार्यालय में आहूत बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में ऑटो व बस स्टैंड के लिए उपयुक्त सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्णय लिया गया था साथ ही बस स्टैंड के लिए नगर परिषद क्षेत्र में जमीन की कमी को पूरा करने के लिए निजी जमीन पर स्टैंड निर्माण का निर्णय लिया गया था।बताया गया था कि जून माह के अंत तक बस स्टैंड निर्माण के लिए निजी जमीन उपलब्ध कराने के लिए का निविदा नगर परिषद वारिसलीगंज द्वारा निकाल दिया जाएगा। निविदा में आए उपयुक्त जमीन की समीक्षा बाद बस स्टैंड निर्माण की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, लेकिन इसी बीच निकाय चुनाव आ गया। चुनाव में नगर का नेतृत्व बदल गया, हलांकि नई नगर सरकार ने भी पहली ही बैठक में शहर को अतिक्रमण से जाम एवं वाहन पड़ाव निर्माण को अपने एजेंडे में शामिल किया है। अब जब नगर को एकल पदों पर सभापित एवं उपसभापति जनता के हाथों चुनने के पश्चात नगर सरकार का दायित्व भी सम्भाल चुके है, लेकिन इस दिशा में फिलहाल कोई पहल होता नहीं दिख रहा है।

क्या कहते है पदाधिकारी

नगर से अतिक्रमण हटाने एवं वाहन पड़ाव के लिए उपयुक्त जमीन की तलाशी को लेकर टास्क फोर्स का गठन कर लिया गया है। नप के कनीय अभियंता फिलहाल डियूटी में है, डियूटी समाप्त होते है कार्य पर अमल होगी।

संक्षिप्त खबरें ।

जिला मुख्यालय पर बलिया लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

सोनू
बलिया । आज जिला मुख्यालय पर बलिया लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में माननीय कृषि मंत्री आदरणीय सूर्य प्रताप शाही , विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय , राज्यसभा सांसद व बलिया लोकसभा प्रत्याशी नीरज शेखर जी जिलाध्यक्ष संजय यादव के साथ बैठक संपन्न हुआ और इस अवसर पर जिला प्रभारी विजय बहादुर दुबे जी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह , गोरखपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ,लोकसभा प्रभारी मार्कण्डेय शाही , लोकसभा संयोजक राजीव मोहन चौधरी, लोकसभा सह–संयोजक सानन्द सिंह, जिला पदाधिकारीगण, विधानसभा प्रभारी/संयोजक, मण्डल अध्यक्ष,मण्डल प्रभारी, और लोकसभा प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे ।

प्रयागराज:इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ी बड़ी ख़बर



अनुराग
प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ी बड़ी ख़बर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की याचिका पर आज की सुनवाई पूरी हो गई धनंजय सिंह के वकीलों की तरफ से आज कोर्ट में पक्ष रखा गया कल दोपहर 2.30 बजे से फिर होगी मामले में सुनवाई कल की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष रखेंगे जौनपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनाई है 7 साल की सजा धनंजय सिंह ने सजा को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में दाखिल की है क्रिमिनल अपील ।

देवरिया में युवतियों पर तेजाब फेंकने वाले युवकों और पुलिस के बीच मुठभेड़, दोनों आरोपियों को लगी गोली

सोनू
देवरिया। देवरिया के गौरीबाजार में बुधवार की सुबह युवतियों पर तेजाब फेंकने वाले मनचलों और पुलिस टीम के बीच रात करीब नौ बजे मुठभेड़ हो गई। दोनों युवकों को गोली लगने की सूचना है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के देवगांव के समीप साइकिल से अस्पताल जा रही दो युवतियों के ऊपर बाइक सवारों ने तेजाब फेंक दिया था जिससे दोनों झुलस गई। जागरण संवाददाता, देवरिया। गौरी बाजार स्थित देवगांव के निकट दो युवतियों पर एसिड अटैक करने वाले दो आरोपियों व पुलिस के बीच गुरुवार की रात करीब 9:30 बजे कालाबान गांव के निकट गुरुच घाट के पास हुए मुठभेड़ में दोनों बदमाशों को दबोच लिया गया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। दोनों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी बाजार में किया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों आरोपियों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चारों तरफ पुलिस मुस्तैद है। किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है ।

देवरिया लोकसभा में हल्दी की खेती को तारणहार का इंतजार, 2004 में हुई थी उद्योग लगाने की घोषणा

एक बार फिर चुनाव आया है इस खेती से जुड़े किसानों के मन में एक बार फिर उम्मीद जगी है

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना लखनऊ । देवरिया में उद्योग लगाने का वादा था लेकिन इसे अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। मुख्यमंत्री रहते हुए स्व. मुलायम सिंह यादव ने भी उद्योग लगाने की घोषणा की थी लेकिन इसे धरातल पर नहीं उतारा गया। एक बार फिर चुनाव आया है इस खेती से जुड़े किसानों के मन में एक बार फिर उम्मीद जगी है। हल्दी की खेती की दुश्वारियों पर केंद्रित देवरिया से सौरभ कुमार मिश्र की .हल्दी की खेती के लिए विख्यात रहा देवरिया जिले का हल्दिहवा बंगरा को अब तारणहार का इंतजार है। हर चुनाव में यहां उद्योग लगाने का आश्वासन मिलता है लेकिन चुनाव परिणाम के बाद किसी को याद नहीं रहता। यहां से हल्दी कभी दूसरे प्रदेशों को भी भेजी जाती थी लेकिन धीरे–धीरे स्थिति खराब होने लगी। देवरिया लोकसभा में हल्दी की खेती को तारणहार का इंतजार, 2004 में हुई थी उद्योग लगाने की घोषणा

देवरिया में उद्योग लगाने का वादा था लेकिन इसे अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। मुख्यमंत्री रहते हुए स्व. मुलायम सिंह यादव ने भी उद्योग लगाने की घोषणा की थी लेकिन इसे धरातल पर नहीं उतारा गया। एक बार फिर चुनाव आया है इस खेती से जुड़े किसानों के मन में एक बार फिर उम्मीद जगी है। हल्दी की खेती की दुश्वारियों पर केंद्रित देवरिया लोकसभा में हल्दी की खेती को तारणहार का इंतजार, 2004 में हुई थी उद्योग लगाने की घोषणा

भाटपार रानी तहसील क्षेत्र में हल्दी की खेती ' फाइल फोटो

हल्दी की खेती के लिए विख्यात रहा देवरिया जिले का हल्दिहवा बंगरा को अब तारणहार का इंतजार है। हर चुनाव में यहां उद्योग लगाने का आश्वासन मिलता है लेकिन चुनाव परिणाम के बाद किसी को याद नहीं रहता। यहां से हल्दी कभी दूसरे प्रदेशों को भी भेजी जाती थी लेकिन धीरे–धीरे स्थिति खराब होने लगी। एक दौर था जब देवरिया जनपद का हल्दिहवा बंगरा हल्दी की खेती के लिए विख्यात था। यहां की हल्दी बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल तक भेजी जाती थी। किसानों के लिए हल्दी की खेती नकदी फसल हुआ करती थी। धीरे–धीरे कुछ दुश्वारियों के चलते हल्दी का बाजार कम होता चला गया, जिससे किसानों का इस खेती से मोहभंग होने लगा। अगर हल्दी की खेती को प्रोत्साहन मिले, उद्योग लगाया जाए तो एक बार फिर से यहां खेतों में बड़े पैमाने पर हल्दी की फसल लहलहाएगी।

DGP अशोक कुमार ने बयां की Cyber Fradu की खौफनाक दास्तां

पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह के बेटे से 11 लाख की ठगी।

लोक तंत्र की आवाज

विनय
वाराणसी । D G P अशोक कुमार ने बयां की CyberFradu की खौफनाक दास्तां पूर्व टछउ बृजेश सिंह के बेटे से पेंट की डीलरशिप दिलाने के बहाने 11 लाख की ठगी, जांच करने मुंबई पहुंची पुलिस सिद्धार्थ सिंह ने पुलिस को बताया कि फरवरी में उसने एशियन पेंट्स लिमिटेड की डीलरशिप का ऑनलाइन विज्ञापन देखा था। इसमें डायरेक्टर के रूप में अमित सिंगले का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। उस पर कॉल करने पर बताया गया कि डीलरशिप के लिए 11 लाख 14 हजार रुपये कंपनी की मुंबई शाखा के बैंक खाते में जमा करना होगा। एशियन पेंट्स की डीलरशिप दिलाने के बहाने पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह के बेटे सिद्धार्थ सिंह से 11 लाख 14 हजार रुपए ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना में मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिस खाते में रुपये भेजे गए उसे होल्ड कराते हुए खाता धारक के बारे में पता करने मुंबई पहुंची है।सिद्धगिरी बाग निवासी सिद्धार्थ सिंह ने पुलिस को बताया कि फरवरी में उसने एशियन पेंट्स लिमिटेड की डीलरशिप का ऑनलाइन विज्ञापन देखा था। इसमें डायरेक्टर के रूप में अमित सिंगले का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। उस पर कॉल करने पर बताया गया कि डीलरशिप के लिए 11 लाख 14 हजार रुपये कंपनी की मुंबई शाखा के बैंक खाते में जमा करना होगा

बीएचयू में 14 नई छात्रवृत्ति और एक स्वर्ण पदक की मंजूरी, इन विभागों की मिली सहमति

लोक तंत्र की आवाज

विनय
वाराणसी । बीएचयू में 14 नई छात्रवृत्ति और एक स्वर्ण पदक की मंजूरी, इन विभागों की मिली सहमति BHU scholarships परीक्षा नियंत्रक प्रो. एनके मिश्रा ने स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया की प्रगति के बारे में जानकारी दी। अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक प्रो. जीपी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पीएचडी को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। प्रवेश परिणाम बहुत जल्द जारी किए जाएंगे। प्रो. माया शंकर सिंह और प्रो. डीएस पांडेय ने बैठक के विभिन्न एजेंडा प्रस्तुत किया।

साथी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर तहसील लेखपाल संघ व तहसील के अन्य संगठनों के लोगों ने तालाबंद कर किया कार्य बहिष्कार

लोक तंत्र की आवाज

सोनू
सिकंदरपुर(बलिया) । स्थानीय तहसील प्रांगण में मंगलवार को अपने कर्मचारी साथी से दुर्व्यवहार को लेकर तहसील कर्मचारी लेखपाल संघ, राजस्व निरीक्षक लिपिक सवर्ग व पटल सहायक संविदा कर्मचारी संघ ने ताला बंद कर कार्य बहिष्कार कर दिया। वही बैठक कर तत्काल एफआईआर दर्ज करने व आरोपी की गिरफ्तारी करने की मांग करते हुए निर्वाचन कार्य को छोड़ सभी कार्यालय में तालाबंदी कर दी, और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। साथ ही 24 घंटे में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की भी चेतावनी दिया। मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारियों द्वारा उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर को दिए गए पत्र में आरोप लगाया कि मंगलवार को मनियर थाना क्षेत्र के पिलुई गांव निवासी अखिलेश गुप्ता पुत्र पारस गुप्ता द्वारा

तहसीलदार सिंकन्दरपुर व उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर के चेंबर के सामने खड़ा होकर गाली गलौज किया जा रहा था इस दौरान वहां मौजूद कर्मचारियों ने जब मना किया तो अखिलेश गुप्ता द्वारा कर्मचारियों के साथ मारपीट गाली गलौज किया गया। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश है वही उनके अंदर असुरक्षा की भावना है। तहसील प्रांगण में पुलिस बल तैनात करने व दोषी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग किया है। अन्यथा की स्थिति में कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संघ पूर्वी जोन अध्यक्ष राम पूजन राम, लेखपाल संघ सिकंदरपुर अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, महामंत्री प्रदीप कुमार, उमाशंकर राम, सियाराम यादव, पवन कुमार पांडेय, गंगा प्रसाद पाण्डेय, विजय शंकर तिवारी, राकेश कुमार, परवेज अंसारी, सुनील सिंह, अर्पित गुप्ता संजीव कुमार सिंह, लक्ष्मीकांत यादव, सुनील राम, सचिन यादव, इंद्रजीत यादव, रितेश सिंह, शशांक मिश्रा, प्रवीण वर्मा, विनय यादव, सौरभ यादव, अवनीश रंजन, स्मित शर्मा आदि मौजूद थे।

देवरिया में दर्दनाक हादसा: अंदर सो रहे तीन साल के मासूम से बेखबर था परिवार, तभी झोपड़ी में लग गई आग; जिंदा जला

लोक तंत्र की आवाज

विनय
देवरिया । पड़ोसी प्रांत बिहार के सिवान जनपद के तरवारा मोड़ के रहने वाले राजेश प्रसाद की ससुराल बनकटा के पकड़ी नरहिया में दूधनाथ के यहां हैं। इस समय राजेश की पत्नी सरिता अपने तीन वर्षीय बेटे रोशन के साथ मायके आई हुई थी। रविवार सुबह परिवार के कुछ लोग गेहूं की कटाई करने चले गए। राजेश का बेटा रोशन भी झोपड़ी में ही था अचानक झोपड़ी में आग लग.जिले के बनकटा के पकड़ी नरहिया में रविवार की सुबह रिहायशी झोपड़ी में लगी आग से ननिहाल आए तीन वर्षीय मासूम जिंदा जल गया। मासूम के जिंदा जलने की सूचना के बाद सनसनी फैल गई।रविवार की सुबह परिवार के कुछ लोग गेहूं की कटाई करने चले गए।

जबकि कुछ लोग ही घर पर थे। राजेश का बेटा रोशन भी झोपड़ी में ही था। अचानक झोपड़ी में आग लग गई। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग भाग बाहर निकल गए और आग बुझाने लगे। रोशन के अंदर होने की किसी को भनक नहीं लगी। जब लोगों ने आग को बुझाने सफलता पाई और रोशन की तलाश शुरू हुई तो रोशन का शव तख्त के नीचे था।यह देख परिवार के लोगों के साथ ही अन्य लोगों की भी आंखें भर आई और दहाड़ मारकर रोने लगे। एसडीएम हरिशंकर लाल, नायब तहसीलदार डा.भागीरथी सिंह समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच गए।

विकसित भारत के सपने को करना है साकार,इसलिए फिर एक बार मोदी सरकार

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना
लखनऊ । इसलिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाने को हो जाओ तैयार।आज विधानसभा मलिहाबाद अंतर्गत रजवाड़ा लॉन, मलिहाबाद में उत्तर प्रदेश के यशस्वी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की गरिमामई उपस्थिति मेंबूथअध्यक्षसम्मेलन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ जिसमे उपस्थित सभी सम्मानित बूथ अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारीगण, शक्ति केंद्र संयोजकगणों ने गरीब कल्याण के लिए, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत एवं भारत को विश्व का सुपर पावर बनाने के लिए सभी बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ता साथियों के द्वारा उत्साह के साथ 20 मई को एकतरफा भाजपा में वोट कराने और फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यशस्वी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

, जिलाध्यक्ष भाजपा विनय प्रताप सिंह , विधायक जय देवी कौशल , विधायक योगेश शुक्ला , विधायक अमरेश रावत, विधायक मनीष रावत, एमएलसी रामचंद्र प्रधान , जिला सहकारी बैंक लखनऊके अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह , लोकसभा प्रभारी सूर्य नारायण तिवारी , लोकसभा सहप्रभारी बलीराम वर्मा , पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण लोधी , लोकसभा संयोजक अरुण सिंह गप्पू , विधानसभा संयोजक अरविंद शर्मा , विधानसभा प्रभारी अभिषेक रावत , भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर , जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा धीरू पांडेय , ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा , ब्लॉक प्रमुख रामदेवी , ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामकुमार राही , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा , जिला उपाध्यक्ष रामविलास रावत , चेयरमैन काकोरी रोहित साहू , लोकसभा विस्तारक विवेक दीक्षित , माधवेंद्र देव सिंह , जिला उपाध्यक्ष हंसराज लोधी , मीडिया प्रभारी धीरेंद्र मौर्य , जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव , शिशिर यादव ,सचित्र यादव , मंडल अध्यक्ष रविराज लोधी , मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव , मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी , मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह , प्रधान संघ अध्यक्ष अंजू सिंह , मंच संचालक जिला महामंत्री विजय मौर्य एवं पार्टी पदाधिकारीगण, बूथ अध्यक्ष गण, शक्ति केंद्र संयोजक एवं कार्यकर्ता भाईयो, बहनों की उपस्थिति रही।

हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को मिली जमानत

लोक तंत्र की आवाज

विनय
वाराणसी । सत्र न्यायाधीश (संजीव पांडेय) की अदालत ने बुधवार को हत्या के प्रयास के मामले में ग्राम सिंहवार, थाना चौबेपुर निवासी आरोपी चन्द्रजीत यादव को 50–50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बन्धपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी व अंशुमान त्रिपाठी ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार 6 अप्रैल 2024 को वादी मुकदमा अपने गेहूं के खेत को कटवा रहा था तभी गांव के मोनू सिंह, चंद्रजीत यादव व अमरजीत यादव बिना किसी कारण गाली गुप्ता देने लगे तथा वादी मुकदमा के विरोध करने पर मोनू सिंह ने असलहा निकालकर फायर कर दिया। जो वादी मुकदमा के शरीर को छूते हुए निकल गई। सभी अभियुक्तों ने वादी

को जान से मारने की धमकी देते हुए वे भाग गए। आरोपी चंद्रजीत यादव का पक्ष अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी और अंशुमान त्रिपाठी ने रखते हुए न्यायालय में बताया कि वादी मुकदमा के किसी भी वाइटल पर कोई गोली की चोट नही आई है और बचावपक्ष के सिविल मुकदमे की रंजीशवश पेशबंदी में वादी मुकदमा ने फर्जी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

मुद्दों और स्थिति को लेकर भारत पर भरोसा करते हैं ग्लोबल साउथ के देश: जयशंकर

लोक तंत्र की आवाज

शाश्वत तिवारी
लखनऊ । हैदराबाद। भारत को ह्यग्लोबल साउथ की आवाज करार देते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश विश्व में अपने मुद्दों और स्थिति को लेकर भारत पर भरोसा करते हैं। जयशंकर ने मंगलवार को यहां विदेश नीति पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। ह्यफॉरेन पॉलिसी द इंडिया वे: फ्रॉम डिफिडेंस टू कॉन्फिडेंसह्ल पर बोलते हुए उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले 10 वर्षों में भारत को दुनिया भर में किस तरह से महत्व दिया गया है। जयशंकर ने सत्र को संबोधित करते हुए मंगलवार रात सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर एक वीडियो पोस्ट किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा देश आज अगले 25 वर्षों के लिए किस तरह

की तैयारी कर रहा है, यह वह मानसिकता है, जिसके साथ हमें दुनिया के सामने आने की जरूरत है। इसके अलावा वैश्विक मंच पर भारत की प्रमुखता की सराहना करते हुए जयशंकर ने कहा कि किसी भी तरह भारत तक पहुंचने, भारत से जुड़ने और भारत के साथ काम करने में विश्व की बहुत रुचि है। जी20 शिखर सम्मेलन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी अध्यक्षता के दौरान कई देश भारत से जुड़ना चाहते थे। उन्होंने कहा कि लोगों को कई प्रकार की शंका थी, मगर इसके बावजूद भारत जी20 समिट के दौरान विभिन्न विषयों पर आम सहमति बनाने में सक्षम रहा। आप केवल अंतिम निर्माण देख रहे हैं, लेकिन पर्दे के पीछे बहुत काम होता है। विदेश मंत्री ने कहा मोदी की ह्यगारंटीह्ल वैश्विक है। इस पर सीमाओं का जोर नहीं। हमने मोदी की गारंटी कोविड में देखी है। हमने इसे यूक्रेन के संघर्ष के दौरान देखा है। हमने इसे सूडान में देखा है। हाल ही में इस्राइल के दौरान भी हमने मोदी की गारंटी का असर देखा है।

संक्षिप्त खबरें ।

मनरेगा योजना की जानकारी के लिए लगाया आरटीआई

बिहपुर। वित्तीय वर्ष 22-23 में मनरेगा योजना की जानकारी के लिए भवानीपुर के धर्मेन्द्र कु सिंह ने मनरेगा पीओ, एसडीएम सहित जिला स्तर के पदाधिकारी को आरटीआई लगा दिया है। सिंह ने जानकारी मांगा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऐसे कितने व्यक्ति हैं जिसके निजी जमीन पर वृक्षारोपण कार्य किया गया है उसमें से वन पोषक को क्या लाभ मिला है, कितना चापाकल लगा है, कितना गेविनय लगा है।सूचना पट्ट सहित योजना में ख़र्च की पूरी जानकारी मांगी गई है।भवानीपुर के धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायत में निजी जमीन पर बिना सहमति का मनरेगा योजना का वृक्षारोपण चलाकर बिल पास कर लिया है।आरटीआई का अभी तक जवाब नहीं मिला है। इसलिए उसने कहा है कि अब राज्य सूचना आयोग से सूचना माँगा जाएगा ।

भागलपुर लोकसभा एनडीए प्रचंड मतों जीत तय करेगी - अर्जित चौबे

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर। भाजपा नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अर्जित शाश्वत चौबे ने अबकी बार 400 पार के नारे को बुलंद करते हुए आज भागलपुर विधानसभा के तिलकामांझी मंडल के वार्ड संख्या 22, 26, 28,32 तिलकामांझी चौक, सुर्खिकल,जवारीपुर,आदि क्षेत्रों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ एन डी ए प्रत्याशी अजय मंडल के पक्ष में जनसंपर्क किया और भाई नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। अर्जित ने विकास की गति को और तेज करने हेतु 26 अप्रैल को मोदी जी के हाथो को मजबूत करने का संकल्प दिलाकर एन डी ए प्रत्याशी को वोट देने के लिए जनसंपर्क किया। उनके साथ तिलकामांझी मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतीक आनंद, प्रणव दास,विवेकानंद यादव, निक्कू चौबे आदि सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

एकमा : अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से दो सवार घायल

एकमा (सारण)। एकमा-सहाजितपुर सड़क पर लगुनी- केशरी गांव के समीप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। बताया जाता है कि परसागढ़ की ओर तेज रफ्तार से जा रही एक बाइक आगे निकलने के चक्कर में अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। इस दौरान बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में उपचार कराया।

हंगामा कर रहा शराबी गिरफ्तार

एकमा (सारण)। शराब पीकर देर रात्रि में रसूलपुर बाजार में बेवजह हंगामा कर रहे एक शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार शराबी की पहचान रसूलपुर गांव के अशोक कुमार के रूप में की गई है। रसूलपुर बाजार के व्यवसायियों ने बताया कि राज्य में शराब बंदी कानून लागू होने के बावजूद भी शराब पीकर क्षेत्र के पियक्कड़ सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं।

नाबालिक सहित पूरे परिवार पर एसिड से हमला, जिला प्रशासन के द्वारा हर संभव मदद की जाएगी: हेमंत सती

एक आरोपी गिरफ्तार बाकी की तलाश जारी: कुमार गौरव

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

साहेबगंज झारखंड के साहिबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के अनुमंडल अस्पताल के पुराने भवन के समीप अर्ध निर्मित मार्केट कांप्लेक्स के छत पर सो रहे पूरे परिवार पर एसिड से हमला किया गया जिसमें फूलबानो बेबा (60), हसीन बीवी (35), आलम शेख (25), शबनम बानो (15) सभी को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी की जांच टीम गठित की गई है जांच टीम ने एक आरोपी को पकड़ लिया गया है बाकी की तलाश की जा रही है वह जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होगी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एसडीओ और थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। पीडिता ने पुलिस को बताया कि हम लोग पूरे परिवार के साथ छत पर सो रहे थे शरीर पर पानी गिरा अचानक शरीर से चमड़ा छोड़ने लगा जब तक संभाल पाते उसने देखा कि लोग दौड़कर भाग रहे हैं। डॉ उदय टुडू ने कहा कि एसिड से हमला हुआ चार लोग अस्पताल आए जहां उनका

प्राथमिक इलाज के बाद उन सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया वहीं एसडीओ, एसडीपीओ ने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा घटना उपरांत घटना में संलिपि तीन लोगों को पकरकर पूछताछ की जा रही है, जिला प्रशासन के द्वारा हर संभव मदद की जाएगी।

बरहरवा : छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने को लेकर सम्मान समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा। बाबूलाल नंदलाल बोहरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरहड़वा के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बुधवार को मेधावी छात्र छात्रों का अभिनन्दन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के सद्भावना प्रमुख बिजय घोष, विद्यालय प्रबंधन समिति के बीरेंद्र यादव, कमल भगत, दीनानाथ साव, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार आजाद सहित अन्य अतिथियों के द्वारा भारत माता, मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नयना, मानसी, अंशु, संध्या, संगनी, सपना , नैतिक , मुस्कान, नीतू सहित अन्य भैया - बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों के द्वारा अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया । इस दौरान मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण भैया बहनों ने भी अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि बिजय घोष ने कहा कि आज शिक्षा का उद्देश्य धनोपार्जन करना रह गया है। शिक्षण संस्थानों में अधिक से अधिक पैसा कमाने की होड़ मची है। एक सम्पूर्ण शिक्षा में ज्ञान के साथ साथ भारतीय संस्कृति और आचरण की सीख भी बहुत जरूरी है । और इसकी शिक्षा हमारे सरस्वती शिशु मंदिर में दी जाती है। यहां शिक्षा के साथ साथ, आचरण , संस्कार , संस्कृति की भी पाठ पढ़ाया जाता है। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार आजाद ने कहा कि, विद्यालय से इस वर्ष की दसवीं की परीक्षा में कुल 20 विद्यार्थी शामिल हुए थे और यह काफी गर्व की बात है कि सभी विद्यार्थियों ने अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है । कुछ विद्यार्थियों ने जिले में भी अपना स्थान लाया है । इस, मौके पर दिवाकर महतो, जवाहर लाल भगत, आचार्य चिंतामणि गोस्वामी, सुरेन महतो, अभिजीत कुमार, अंजुला कुमारी साहा सहित अन्य उपस्थित थे।

बिना चालान पत्थर लोड ट्रक रोकने पर पुलिस पर पथराव

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा। अंचल क्षेत्र अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र के मयूर कोला कॉलेज के समीप से सोमवार की देर रात्रि ओम प्रकाश चौहान ने एक बगैर माइनिंग चालान वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या डब्ल्यू बी 45/7272 को जप्त कर अगेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित किया है। जानकारी के मुताबिक ओवरलोड बेगैर माइनिंग चालान ट्रैक्टर के मध्यम बीते दिन पलासबोना के समीप हुए हादसे को लेकर स्थानीय थानेदार ओमप्रकाश चौहान पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इस भागवत बीते दिन भी छापेमारी कर जहां ओवरलोड बगैर माइनिंग चालान ट्रैक्टर को जप्त किया

था, वहीं सोमवार की रात्रि भी अभियान चला कर वाहनों को दबोच लिया गया। इस बाबत कोटाल पोखर के थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान एवं एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा से वार्ता करने का प्रयास किया गया परंतु बातें नहीं हो सकी।

राजमहल लोकसभा के प्रत्याशी विजय हासदा की जीत को लेकर गठबंधन की एक बैठक हुई बरकतुल्लाह खान

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। बुधवार को समय 5:00 बजे अपराह्न स्थान सूबे के ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम के पेट्रोल पंप प्रांगण बोनीडांगा में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के सभी सम्मानित पंचायत अध्यक्षगण/प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण/ जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण/ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिगण तथा सभी प्रकाष्ठों के पंचायत अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्तागणों की एक अहम बैठक आहुत की गई है। प्रदेश महासचिव तनवीर आलम जी सभी से

ऑन लाइन के मध्यम से रूबरू हुऐ। और लोकसभा चुनाव को नजर में रखते हुए 27/4/24 हमारे गठबंधन के राजमहल सीट को लेकर बरहरवा मे वर्तमान सांसद और राजमहल लोकसभा के वर्तमान प्रत्याशी विजय हसदा जी के आवास वाले चौताल में 4 बजे अपराह्न एक अहम बैठक आहुत की गई है। अतः जितने भी हमारे प्रकोष्ठ के जितने भी कमेटी है और जो हमारे कांग्रेस के कार्य करता है सबको उसे बैठक में उपस्थित होना है क्योंकि हमारे सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जी की इस कार्यक्रम में सारिक हो रहे हैं तो बहुत सारी बातें जो होगा उसे दिन वहां पर रूपरेखा जो है आने वाले लोकसभा को देखते हुए लकी खींचा जाएगा बहुत सारे ऐसे बातें हैं जो हमारे कांग्रेस कार्यकर्ता जो है वह अपने नेता के सामने रखेंगे ।

मौके पर मौजूद रहे मोहम्मद नसरुद्दीन, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत रणजीत टुडू , नाबिद अंजुम, अश्वनी आनंद, मिथुन मंडल, भोलनाथ महतो, नेहाल अख्तर, निताई सरकार साहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजुद रहे।

इंडिया गठबन्धन अजीत शर्मा भी ताल ठोक कर दे रहे हैं टक्कर

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती भागलपुर लोकसभा के चुनाव प्रचार के अंतिम चरणों में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा ताल ठोक कर मैदान में डटे हुए हैं ।आपने जीत के प्रति पूरा आश्वास्त हैं। इंडिया गठबंधन के कार्य कार्यकर्ताओं ने टोली में बाट के प्रत्येक गांव गांव, मोहल्ले मोहल्ले घर-घर जाकर के कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों को अपील कर रहा है ।वहीं बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा, जो अजीत शर्मा की पुत्री है वह जगह-जगह रोड शो कर करके अपने पापा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील कर रही है। 13 उम्मीदवारों में मुख्य मुकाबला राजग गठबंधन अजय कुमार मंडल और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा के बीच में टक्कर स्पष्ट हो गया है। यह दोनों प्रत्याशी अपने जी जान

लगा करके लोगों को अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील कर रहे हैं ।मतदाता अभी भी मौन है। मतदाताओं का कहना है कि समय आने पर वोट के माध्यम से इसका जवाब दिया जाएगा।

अन्तिम समय में उम्मीदवारों ने झोली पुरी ताकत

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। भागलपुर लोकसभा के अंतर्गत पड़ने वाले सभी विधानसभा में उम्मीदवारों अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आज राजग गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल के पक्ष में दिल्ली भाजपा के नेता मनोज तिवारी ने सुदरवर्ती बाखरपुर क्षेत्र में रोड शो का आयोजन किया। इस रोड शो में हजारों की भीड़ नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, वंदे मातरम , भारत माता की जय, नारा लगाते हुए चल रहे थे। मनोज तिवारी ने सभी लोगों को राजग गठबंधन प्रत्याशी अजय मंडल के पक्ष में अधिक अधिक मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा के नेता और जेडीयू के नेता साथ रहे ।इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक अमन कुमार पासवान,प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष मिट्ठू पांडे, झुंपा सिंह, वरुण

गोस्वामी, अमरजीत भारती,नीरज ठाकुर, गुड्डू झा पंकज कुमार, चंचल राय, मुरारी राय सहित आने को कार्यकर्ता उपस्थित थे।सभी लोगों ने अजय मंडल को अधिक अधिक संख्या मत देने की अपील की।

महामारूति यज्ञ में दर्शक ले रहे है श्रीकृष्ण रास लीला का आनंद

लोकतंत्र की आवाज

नगरा (सारण)। ॐ नमो रुद्रावतराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्व रोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा आदि मंत्रोचारण के साथ महा मारुति यज्ञ के लिए बने अग्नि कुंड में आहुति दी गई।उक्त बातों की जानकारी देते हुए खैरा रामजनकी मठ के महंथ यज्ञकार्त्ता रामदास बाबा ने बताया कि यज्ञ 25 अप्रैल को महा आहुति के साथ संपन्न हो जाएगा। गौरतलब है कि इस यज्ञ में दिन में वैदिक मंत्रोचार के द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है तो वहीं रात्रि के समय श्री कृष्णा आदेश रासलीला मंडली जो की श्री धाम वृंदावन मथुरा से आई है, श्रीकृष्ण के द्वारा किए गए कार्यों को स्टेज शो के माध्यम से दिखाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत मंगलवार की रात्रि

में रास लीला के कलाकारों के द्वारा कालिया नाग को नाथा गया। रास लीला के कलाकारों में कृष्ण के रूप में कृष्णा तिवारी, कंस संतोष तिवारी,दीवान राम तिवारी, द्वारपाल हेमंत तिवारी, गोपियों के रूप में हेमंत, महेश, संतोष मोनू गोस्वामी तथा नारद के रूप में मनीष एवं अन्य कलाकारों ने अपने कला के माध्यम से दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित किया। वहीं मंडली के आचार्य स्वामी श्री गोपाल दास के द्वारा बृज भाषा में बोले गए श्लोक सबको मन भा रहे हैं। बताते चलें कि मारुति महायज्ञ में मुख्य जजमान अनिल सिंह और उनकी पत्नी मिथिला देवी थी।

बिहपुर निवासी अथर सईद बने कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मिन्नत रहमानी के द्वारा भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के बिहपुर - जमालपुर पंचायत के वार्ड नंबर 10 निवासी मोहम्मद अथर सईद को कांग्रेस पार्टी में लगन और कार्य कुशलता को देखते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष से मनोनीत किया हैं ।इससे पूर्व उनके पिता मरहूम मोहम्मद अरशद अली थें ।जिनकी लंबी बिमारी के कारण इंतेकाल हो गया था।वहीं मोहम्मद अथर सईद को उपाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के पंचायती राज के जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण सिंह,

कांग्रेस नेता नवीन शर्मा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला, मो. फिरोज आलम, मोहम्मद सनसतबरेज उर्फ संटी ,मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद लाल मोहम्मद शाहजहां,अभिषेक कुमार, मोहम्मद जैद, मोहम्मद हातिम,सहित कई कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

संक्षिप्त खबरें ।

11 अभियुक्त गिरफ्तार,52.8 लीटर देशी शराब एवं 01 मोटरसाईकिल,01 मोबाईल, 100 रुपया नगद बरामद

बगहा । पुलिस जिला द्वारा मंगलवार को विगत 24 घंटा में कुल 11 गिरफ्तारी की गई है। कुल–09 अजमानतीय वारंट का निष्पादन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया हैं।उन्होंने बताया कि बगहा पुलिस जिला अंतर्गत भितहाँ थाना,गोबरहिया थाना,भैरोगंज थाना,पिपरासी थाना,वाल्मीकिनगर थाना,रामनगर थाना द्वारा वारंट और अन्य कांड मामले में 11 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।इसके साथ ही 52.8 लीटर देशी शराब एवं 01 मोटरसाईकिल,01 मोबाईल, 100 रुपया नगद बरामद किया गया।एसपी ने आगे बताया कि बगहा पुलिस द्वारा को अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के कम में यातायात थाना द्वारा–74,000, रामनगर थाना द्वारा–41,500, बगहा थाना द्वारा–11,500, धनहाँ थाना द्वारा–8,000, पटखौली थाना द्वारा–4,000, चौतरवा थाना द्वारा–3,000, इस प्रकार कुल–1,42,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

मधुबन इंटरनेशनल प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन

क्षितिज राज

बेतिया।नगर के जयप्रकाश नगर आईटीआई कॉलोनी के पंथ संख्या आठ में मधुबन इंटरनेशनल प्ले स्कूल का उद्घाटन सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सह निगरानी डीएसपी रमेश चंद्र उपाध्याय ने फीता काटकर किया इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ वर्षा कुमारी ने बताया कि इस विद्यालय में छोटे–छोटे बच्चों के लिए खेलनेकी हर सुविधा के साथ स्विमिंग पूल, झुलें इत्यादि के व्यवस्था के साथ अच्छी शिक्षा संस्कारों के साथ भारतीय संस्कृति की जानकारी योग और अनुभवी शिक्षिकाओं द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी इसके लिए दुसरे राज्यों से शिक्षकों को बुलाया जा रहा है इतना ही नहीं सबसे पहले यहां नर्सरी से शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी और धीरे–धीरे कक्षा पंचम तक शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प विद्यालय परिवार लिया है वहीं विद्यालय का डायरेक्टर रमेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि यहां से कक्षा पंचम उत्तीर्ण होने पर असानी से बच्चों का नामांकन जिले के नामी स्कूलों में हों पायेगा इसलिए विधालय परिवार तैयारी कर चुका है मौके पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रबंधक रितेश कुमार, बाल्मीकि नगर सांसद के प्रतिनिधि अनिल कुमार, राजेश वर्णनवाल, वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट सचिव निरंकार भास्कर, सत्यम सिंघानिया, आदि मौजूद रहे वहीं इस विद्यालय खुलने पर डीआईजी जयकांत कुमार ने ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य कि कामना कि है।

आग लगाने से लग भग 90 घर जलकर राख

बगहा से शमसाद अंसारी

बगहा। प्रखंड बगहा एक के चन्द्रहा रूपवलिया पंचायत के वार्ड संख्या 01 खटहवा टोला में अचानक आग लगाने से लग भग 90 घर जलकर राख हो गया है। मिली जानकारी अनुसार आग राजदेव यादव के घर से लगी और दिखते ही दिखते लग भाग 90 घरों को जलाकर राख कर दिया। आगलगी की सूचना स्थानीय लोगो ने बथवरिया थाना को दी। थानाध्यक्ष कामेश कुमार ने तुरंत अग्निशमन को सूचना दी। मौके पर पहुची अग्निशमन की टीम तथा स्थानिय लोगो की मदद से आग पर काबू पा लिया है। इस आगलगी की घटना में राजदेव यादव, सुनील यादव, उपेंद्र यादव, मथुरा यादव, चंदेश्वर यादव, भिखारी यादव, प्रभु यादव, बड़ा यादव, जोखू यादव, दरोगा यादव, रामचंद्र यादव समेत कुल 90 लोगों का घर जलकर राख हो गया है। मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि नंदलाल साह ने तत्काल अग्नि पीड़ितो को खाने की व्यवस्था में जुट गए है। वही उन्होंने बताया कि बगहा 1 सीओ को इसकी सूचना दे दी गई है। पंचायत के तरफ से जो भी लाभ होगा अग्नि पीड़ितों को दिलाया जाएगा।

मोतिहारी: मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन

लोकसभा निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न कराया गया

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी । जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण के द्वारा समाहरणालय स्थित एनआईसी में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता के साथ लोकसभा निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कार्य संपन्न कराया गया। इस रेंडमाइजेशन में ईवीएम–वीवीपेट को विधानसभा वार मार्क कर दिया गया। इसके बाद ये ईवीएम अब विधान सभावार बनाए गए डिस्पैच सेंटर पर भेजे जाएंगे जहां इनका दूसरा रेंडमाइजेशन कराया जाएगा। दूसरा रेंडमाइजेशन भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराई जाएगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया बताई और रेंडमाइजेशन के बाद निकाले गए सीट पर सभी का हस्ताक्षर प्राप्त किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल को 03– पूर्वी चंपारण एवं 04–शिवहर लोकसभा के लिए अधिसूचना जारी होगी और उसी के साथ नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगा। यह नामांकन 06मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र भरते समय अभ्यर्थी का फोटो एवं बैंक अकाउंट देना जरूरी है। डीएम ने कहा कि नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र का कोई भी कालम खाली नहीं छोड़ता है। सभी कालम भरा होना चाहिए। अगर कोई कालम भरा हुआ नही पाया जाएगा तो इसके लिए नोटिस किया जाएगा और फिर पूर्ण रूप से भरा हुआ शपथ पत्र जमा करना होगा। नोटिस एक बार ही किया जाएगा। डीएम ने कहा कि प्रस्तावक का नाम और मतदाता सूची में उसका क्रम संख्या देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय, घर या बंद परिसर को छोड़कर खुले में सभा करने या जुलूस निकालने के लिए अनुमति लेनी जरूरी है। यह नियम लाउडस्पीकर के मामले में भी लागू है। उन्होंने कहा कि आवेदन प्राप्त होने की 1 घंटे के अंदर अनुमति दे दी जाएगी। डीएम ने कहा कि नामांकन के समय समाहरणालय परिसर में केवल तीन गाड़ियों के प्रवेश की ही अनुमति रहेगी तथा प्रत्याशी सहित कुल पांच लोग ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन के लिए जा सकते हैं। डीएम ने कहा की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए अच्छे से प्रचार प्रसार करें। इसका मतदाताओं पर सकारात्मक असर पड़ेगा और जिला में वोटर टर्न आउट भी बढ़ेगा जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

लोकसभा चुनाव के लिए बीडीओ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं बीएलओ संग बैठककर, दिया कई आवश्यक दिशा– निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर प्रखंड बगहा एक के सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट और बीएलओ के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान बूथ संख्या 72 से 310 तक के कुल 239 बीएलओ ने अपने– अपने मतदान केंद्रों के 85 प्लस और दिव्यांग(पीडब्ल्यूडी) मतदाताओं को चिन्हित कर डाक मतदान पत्र देने हेतु विहित प्रपत्र में जमा कराया गया।बीडीओ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों पर शेड,शौचालय,चापाकल, व्हील चेयर, रैम्प, बिजली इत्यादि का पुनः सुदृढ़ करना हैं।सभी बीएलओ अपने– अपने मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु पुनः भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।मौके पर अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव, प्रखंड साख्यिकी पदाधिकारी लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपक कुमार,प्रखंड कर्मी ब्रजेश कुमार पाल, सेक्टर मजिस्ट्रेट सौगंध कुमार मंडल,वासिफ अली,योगेंद्र कुमार, बीएलओ रत्नेश कुमार, गौरव कुमार,चंदन कुमार, भागेश्वर मणि तिवारी, रूपक कुमार, राजू कुमार बैठा, मो.कलीमुल्लाह, मो.अफसर अली, अजय कुमार सहित तमाम बीएलओ उपस्थित रहें।

मोतिहारी: सशस्त्र सीमा बल के सहयोग से विजनस्प्रिंग संस्था ने नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी । स्थानीय सशस्त्र सीमा बल पिपराकोठी के परिसर में सोमवार को प्रफुल्ल कुमार कमांडेंट 71 वीं बटालियन एस.एस.बी. के निर्देशन में युवा विकास फाउंडेशन (एन.जी.ओ) के द्वारा विजनस्प्रिंग कार्यक्रम के तहत एस.एस.बी के साथ संयुक्त निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम की शुरुआत में वाहिनी कमांडेंट के द्वारा बताया गया कि अपने आँखों का सही से ख्याल रखे और मुस्कान के साथ दुनिया देखें।उन्होंने बताया कि इस जांच शिविर से समाज के कमजोर वर्गों के उन्नति और सशक्तिकरण को बल मिलेगा साथ ही आँखों की अच्छे देखभाल के प्रति लोगो मे जागरूकता पैदा होगी इस शिविर में विजनस्प्रिंग की तकनीकी टीम और वाहिनी के चिकित्सकों ने दूर दूर से आये ग्रामीणों की निःशुल्क आंखों की जांच की और जिन लोगों को चश्मे की जरूरत थी, उन्हें मात्र 80 रुपये में चश्मा उपलब्ध कराया गया। साथ ही जरूरमंद लोगों को बहुत कम शुल्क में दिया गया चश्मा,व निःशुल्क दवा।

मोतिहारी में खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता सर्राफा कारोबारी को बनाया निशाना, 5 लाख का आभूषण लेकर फरार हो गये अपराधी

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी,पूर्वी चम्पारण । अक्षय कुमार की चर्चित फिल्म स्पेशल 26 आपने जरूर देखी होगी। जिसमें हीरो अपनी एक नकली आयकर अधिकारियों की टीम बनाता हैं और रेड डालता हैं। ऐसा ही मामला मोतिहारी में सामने आया है जहा क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता अपराधियों ने एक स्वर्ण कारोबारी को निशाना बनाया। उनसे ठगी करने के बाद मौके से फरार हो गया।

मोतिहारी में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास ओम साईं ज्वेलर्स के मालिक पारस प्रसाद स्वर्णकार से दो लोग मिलते हैं और खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हैं। अपना परिचय देते हुए सर्राफा कारोबारी के गले से सोने का चेन, हीरा जरित लॉकेट, हाथ में पहने हीरा और सोने के अंगूठी बैग में रखते हैं। साथ ही कस्टमर का स्वर्ण आभूषणों को जांच करने के नाम पर अपने पास रख लेते है। और मौके से फरार हो जाते है। इन आभूषणों की कीमत पांच लाख रुपये बतायी जा रही है। जब तक स्वर्ण व्यवसायी को यह पता चला कि उनके साथ ठगी की गयी है तब तक दोनों बदमाश मौके से फरार हो जाते है। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी जाती है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। पीड़ित सर्राफा कारोबारी ने नगर थाने में अज्ञात खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मौके पर पहुंचे सदर एएसपी शेखर चौधरी ने दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाला। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू की गयी है। सदर एएसपी ने बताया कि ठगी का मामला सामने आया है। खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता बदमाशों ने सर्राफा कारोबारी के साथ ठगी की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। इलाके में छापेमारी शुरू कर दी गयी है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही दोनों बदमाश सलाखों के पीछे होंगे।

मोतिहारी: VIYP प्रत्याशी राजेश कुशवाहा ने राधा मोहन सिंह को बताया पिता तुल्य, कहा– 'बेटे को एक मौका देकर देखें'

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी।पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन की तरफ से वीआईपी उम्मीदवार डॉ. राजेश कुशवाहा मौजूदा सांसद राधा मोहन सिंह को टक्कर दे रहे हैं। लेकिन राजेश कुशवाहा ने इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान अपने भाषण में राधा मोहन सिंह को पिता बताते हुए खुद को बेटे की तरह बताया है. इतना ही नहीं, उन्होंने राधा मोहन सिंह से कहा कि एक बार अपने बेटे को मौका देकर देखें। मोतिहारी में इंडिया की बैठक में वीआईपी प्रत्याशी डॉ.राजेश कुमार ने कहा कि लोग अपने लिए टिकट मांगने जाते हैं, लेकिन पूर्वी चंपारण की जनता की मांग पर मैं प्रत्याशी बना हूं। जो काम पिछले तीस वर्षों में नहीं हुआ है, चुनाव जीतने के बाद मैं पांच वर्षों में अधूरे काम को पूरा करुंगा। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई. वहीं सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की विफलताओं को लोगों को बताने के लिए कहा गया. साथ ही देश में बढ़ रही महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाल स्थिति से लोगों को अवगत कराते हुए राजेश कुशवाहा के लिए विकास के मुद्दे पर वोट मांगने की बात कही गई। दरअसल टिकट मिलने के बाद इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठक मोतिहारी के एक होटल में आयोजित की गई. जिसमें वीआईपी प्रत्याशी डॉ राजेश कुशवाहा के अलावा नरकटिया विधायक व पूर्व मंत्री डॉ शमीम अहमद, राजद जिलाध्यक्ष व कल्याणपुर विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र राम, मेयर प्रीति गुप्ता और कांग्रेस जिलाध्यक्ष गप्पू राय समेत दर्जनों नेता व कार्यकार्ता मौजूद रहे. इस दौरान सभी ने राजेश कुशवाहा को रिकॉर्ड मतों से जिताने का संकल्प लिया।

मोतिहारी: केसरिया में बनाया जा रहे डिस्पैच सेंटर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी । केसरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए केसरिया में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटर का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण और सेक्टर पदाधिकारी के साथ की बैठक। लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर केसरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए उच्च विद्यालय केसरिया में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटर डीएम सौरभ जोरवाल और एसपी कांतेश मिश्र के द्वारा निरीक्षण किया गया। डीएम ने बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारिओं को माइक्रो लेवल की योजना बनाकर डिस्पैच सेंटर को पूर्ण रूप से तैयार कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि से 10 या 15 दिन पहले जिला स्ट्रांग रूम से यहाँ ईवीएम लाया जाएगा और उसका कमिश्निंग भी यही किया जाएगा। मतदान की तिथि के दो दिन पहले डिस्पैच सेंटर पर पार्टी मिलान के लिए पोलिंग पार्टी को बैठाने की पूरी प्लानिंग कर बेहतर व्यवस्था कर ली जाए। यहाँ पर पुलिस बल व रिजर्व मतदान कर्मी के बैठने की भी बेहतर व्यवस्था करायी जाए। डिस्पैच सेंटर पर प्रॉपर रूप से बैरिकेडिंग करें। ताकि कार्यों में सहूलियत मिल सके। यहाँ पर पेयजल, बिजली,शौचालय आदि सभी जरूरी चीजों की उपलब्धता देखी गई तथा इसे और बेहतर करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि वाहन कोषांग के बेहतर संचालन के लिए अलग–अलग पार्किंग की व्यवस्था बनायी जाए तथा प्रवेश एवं निकास की अलग व्यवस्था के साथ ट्रैफिक एवं रूट लाइनिंग क्लियर रखा जाए। डिस्पैच सेंटर के निरीक्षण से पहले डीएम व एसपी के द्वारा सम्राट अशोक भवन के सभागार में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। इस अवसर पर एडीएम मुकेश कुमार सिन्हा, डीडीसी समीर सौरभ, नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव, डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह, केसरिया बीडीओ मनीष कुमार सिंह, सीओ पूनम मिश्रा,बीईओ विनय कुमार तिवारी, कल्याणपुर बीडीओ अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक मुनीर आलम, केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार, बिजधरी ओपी प्रभारी राजीव कुमार, पीएसआई अंजू कुमारी, पीएसआई राजीव रंजन सहित अन्य मौजूद थे।

मिलने जुलने से बढता है प्रेम एवं कायम रहता है मनवता

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

बेतिया । बुधवार को दिन नगर के एक निजि होटल में आई टी आई कालोनी के विभिन्न लॉजो एवं मकानों में किराया लेकर विगत पुर्व के समय विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र जो आज भारत के विभिन्न राज्यों में किसी ने किसी पर कार्यरत हैं ऐसे छात्रों का मिलन समारोह का आयोजन वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर द्वारा आयोजित किया गया जिसमें सभी छात्रों ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए आंखों में खुशी की झलक देखने को मिला जहां नेभी में कार्यरत भुपेश कुमार, दिनेश कुमार बतया के बेतिया में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के समय जब धर से बाहर थे तब भास्कर भैया से उन्हें जों स्नेह और पेरणा मिला उसे कभी नहीं भुला सकते वही बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत विजय यादव,मनिष कुमार, उपेंद्र तिवारी, राजेश मिश्रा,उमेश साह का कहना था कि बेतिया में उस समय हमारे अभिभावक कि कमी हमे भैया ने कभी नहीं होने दिया और इनका स्नेह और प्रेम ही आज भी हमें इनके साथ बंधा हुआ है वहीं चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत डा अरविंद, मनोरंजन राय ने बताया कि बराबर हमलोगों बिच भैया का मार्गदर्शन मिलते रहा जों एक अतुलिय देन है इसी प्रकार प्रशासनिक सेवा में कार्यरत उर्मिला कुमारी, गोविंद पंडित, राजिव सक्सेना तथा शिक्षक कि सेवा दे रहे सतेन्द्र कुमार, विनोद कुमार,राजपती आदि का कहना था कि आज के परिवेश में भैया जैसे कम हि इंसान मिलते हैं जो दूसरे के बारे में सोचते हैं आज तो सभी सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं लेकिन भास्कर भैया हमलोगों को एक भाई और शिक्षक दोनों का स्नेह दिया हमलोगों से जों हो पायेगा हम लोग दूसरे को आगे बढ़ाने का प्रयास करें और यह गुण भैया से हमें मिला है अंत में सभी लोग एक दुसरे को गले लगाते हुए फिर मिलने का वचन दिये और मिष्ठान भोजन का लुफ्त लेते अपने अपने गंतव्य स्थान को प्रस्थान किये इस संबंध में ट्रस्ट के सचिव ने बताया कि ऐसा आयोजन करने से जहां आपसी प्रेम बढ़ता है वही मनावता बरकरार रहती है और सब कुछ ईश्वर का हि दिया हुआ है जिते तो सभी है पर जो दुसरे के लिए जिता है वहीं इंसान हैं

बेतिया : अब डॉक्टर भी मतदाताओं को मतदान करने हेतु करेंगे जागरूक

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

प्रिस्क्रिप्शन पर मतदाता जागरूकता संदेश का लगाएंगे मोहर। स्वीप गतिविधि के तहत आज से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम। बेतिया। जिला स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदाता मतदान के प्रति जागरूक बने। श्री कमलाकांत त्रिवेदी, नोडल अधिकारी, स्वीप कोषांग, बेतिया ने बताया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए स्वीप के माध्यम से जन जागरूकता के कई कार्यक्रम किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आज डॉ0 उमेश कुमार के क्लीनिक में मरीजों के पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) पर मतदाता जागरूकता संदेश की मुहर लगाई गई। नोडल अधिकारी ने क्लीनिक में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों को संबोधित किया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि अगर कोई मतदाता बुजुर्ग, बूढ़े या फिर घर से निकलने में असमर्थ है तो वे अपने घर से भी मतदान कर सकते है। इसके लिए वे अपने सम्बंधित बूथ के बी0एल0ओ0 से मतदान पहले से संपर्क कर जानकारी ले सकते और मतदान कर सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी आडलिन ने उपस्थित लोगों को मतदान करने के जागरूक करते हुए कहा आप सभी का वोट बहुत महत्वपूर्ण है। आपका एक–एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाएगा, इसलिए 25 मई को मतदान अवश्य करें। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता डॉ0 उमेश कुमार ने कहा कि वे जिला स्वीप कोषांग से प्राप्त मतदाता जागरूकता मुहर को अपने क्लिनिक में मरीजों के पर्ची पर लगाएंगे और जिला मुख्यालय एवं जिले के अन्य प्रखंडों में कार्यरत प्राइवेट चिकित्सकों को भी मुहर उपलब्ध कराएंगे, जिससे मरीजों के दवा की पर्ची पर मतदान जागरूकता संदेश की मुहर लगाकर मतदान का प्रचार–प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि जिला में ज्यादा से ज्यादा मतदान सम्पन्न कराने में निजी क्लिनिक संचालक/डॉक्टर अपनी सहभागिता जरूर देंगे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला स्वीप कोषांग की सदस्या रानी कुमारी, शमीम आरा, रजनी कुमारी, अमूल्य प्रताप, रविकांत झा, संजय कुमार, शशिकांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें ।

मुंबई सलमान खान बंगले पर फायरिंग मामले में पहले नोटिस दी , बाद में 6 को मुंबई क्राइम ब्रांच टीम साथ ले गई

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा। बॉलीवुड के महानायक के घर पर गोली चलाने के मामले में लॉरेंस बिशनोई गैग से जुड़े विक्की गुप्ता, सागर पाल के गिरफ्तारी के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच टीम बिहार की पश्चिमी चंपारण के गौनाहा थाना क्षेत्र के मसही गांव में लगातार छान बीन में जुटी है। इसी दौरान सोमवार को रात्रि के 12:00 बजे क्राइम ब्रांच टीम मसही गांव पहुंची। और 6 आरोपियों के घर वालों को नोटिस थमाते हुए 4 दिन के अंदर उपस्थित होने के लिए कहा । वहीं मंगलवार को 11:00 बजे दिन में क्राइम ब्रांच टीम मसही गांव निवासी अंकित कुमार पिता मोती महतो, संजीत कुमार उर्फ गोदन पिता गोपाल महतो,खलिफा चौहान पिता अमेरिका महतो , विकास गुप्ता पता रक्सौल, जो विक्की गुप्ता का साला बताया जाता है। दीपू गिरि जो दिल्ली रहकर यूपीएससी की तैयारी करता है, आरोप है कि विक्की व सागर को मुंबई जाने के लिए टिकट बनवाया था। सुनील साह पिता दीनानाथ साह को क्राइम ब्रांच टीम ने मंगलवार को अपने साथ ले गयी । उक्त विषयक की जानकारी अंकित कुमार के दादा प्रभु महतो , ग्रामीण विश्वनाथ महतो सेठ महतो मुखिया पुति सोवालाल महतो इत्यादि ने दी है। जबकि थानाध्यक्ष ने बताया है कि उक्त सभी आरोपियों को नोटिस देते हुए चार दिन के अंदर उपस्थित होने के लिए आदेश दिया गया था ।

सुभद्रा मेला के दुकानदारों ने सभी दुकानें बंद कर प्रशासन के प्रति जताया आक्रोश

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा। प्रखंड के शक्तिपीठ मां सुभद्रा स्थान पर चैत्र नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेले में दुकानदारों से अधिक कौड़ी लेने के विरोध में बुधवार को अपनी-अपनी दुकान बंद कर विरोध जताया। आक्रोशित दुकानदार दिलीप कुमार, आलम अली, चुम्मन पटवा, अमरेश शर्मा, भूटी शर्मा, प्रदीप साह, दिनेश पटवा, दिना शर्मा, मुन्ना प्रसाद, श्रीनिवास साह सहित करीब तीन दर्जन लोगों ने बताया कि इस वर्ष सुभद्रा मेले का डाक सरकारी हुआ है। इसके बावजूद ठेकेदार व उनके आदमियों द्वारा प्रति फीट 600-700 रूपये की मांग की जा रही है। पूरे मेले में दुकानदार अपनी दुकान बंद कर सुबह से प्रशासन व ठेकेदार का विरोध करते हुए अपने अपने दुकानों में ताला जड़ दिया। मेले के दुकानदारों ने इससे संबंधित आवेदन सहोदर थानाध्यक्ष व गौनाहा सीओ को दी है। दुकानदारों का कहना है कि इस वर्ष मेले में दुकानों की बिक्री काफी मंद है। मेले में दुकानदारों ने 100-200 रुपया फिट से ज्यादा नहीं देने की बात कही है। मेले में दुकानदारों ने सीओ को आवेदन देकर कम कौड़ी देने की बात बताई है । इधर सीओ विवेक कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल कर वरिय पदाधिकारी से मार्गदर्शन मांगा जाएगा।

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी के ससुराल में 50 भी पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित किया

लोकतंत्र की आवाज

रौशन सिंह, विभूतिपुर। प्रखंड के टभका पंडित टोल राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर के ससुराल में 50 वी पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित कवि गण एवं ग्रामीण शिक्षाविद ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया ! मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता चंद मुसाफिर ने किया ! विशिष्ट अतिथि द्वारिका राय सुबोध ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊंचे कृति पर विस्तार से चर्चा किया ! और उनके बताएं मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित होने की अपील किया ! कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके द्वारा रचित कविता का भी पाठ किया ! मौके पर अनिल कुमार शशि भूषण चौधरी सुमन कुमार मिश्रा प्रोफेसर अरुण सिंह मालपुरी विद्यानंदन ठाकुर ललित प्रसाद ठाकुर विजय महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे !

गर्मी बढ़ने से अस्पतालों में बड़ी मरीजों की संख्या

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा, रजौली। अनुमंडलीय अस्पताल में मौसम में बदलाव व अत्यधिक गर्मी बढ़ने से क्षेत्र में मरीजों की संख्या बढ़ते जा रहा है। छोटी बड़ी घटना के घायल मरीजों के साथ-साथ गर्मी से लू लगा मरीज सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ती जा रही है, क्षेत्र के 80 प्रतिशत लोग गर्मी से बेहाल है जबकि अस्पतालों में प्रतिदिन गर्मी से पीड़ित बुखार वाले बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार की शिकायत ज्यादा मिल रहा है। इस संबंध में अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक चिकित्सक डॉक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव से भी क्षेत्र में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। किसी भी प्रकार का गर्मी जनित व लू लगे मरीज घबराएं नहीं तुरंत अस्पताल आकर दिखाएं और सही उपचार कराएं गर्मी में ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का उपयोग करें ककड़ी, खीरा, तरबूज, शीतल पदार्थ दही, छाछ का उपयोग करें ज्यादा से ज्यादा पानी पिए और हल्के कपड़े पहनें।

डीएम ने किया औचक निरीक्षण

अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की हुई मांग

लोक तंत्र की आवाज़

धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट

नवादा। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा ने आज कोआकोल प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, प्रखंड आपूर्ति कार्यालय, प्रखंड पंचायत राज कार्यालय, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, प्रखंड कृषि कार्यालय, मनरेगा कार्यालय, आईसीडीएस कार्यालय, कुशल युवा कार्यक्रम सेंटर का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड परिसर में काफी गंदगी को देखकर नाराजगी व्यक्त किए एवं पूरे प्रखंड परिसर को साफ-सफाई कराने का सख्त निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी कौआकोल को दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि पूर्व सूचना के बावजूद आज अंचल अधिकारी कौआकोल अपने कार्यालय में अनुपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी, कौआकोल द्वारा बताया गया कि वे सरकारी काम के लिए मुख्यालय गये हुए हैं, लेकिन इसकी सूचना नहीं दी गयी। जिसपर जिला पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण की मांग की। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कोआकोल को अपने कार्यालय से निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये एवं कई कर्मी भी अनुपस्थित पाये। कुछ ऐसे कर्मी जो फिल्ड वर्क के कर्मी थे, वे वहीं पर मौजूद थे। जिसपर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण की मांग की। उन्होंने प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कौवाकोल से स्पष्टीकरण स्वीकृत होने तक वेतन बंद करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कौआकोल एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कौआकोल अनुपस्थित पाये गए। जिला पदाधिकारी द्वारा दोनों पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई।

जिला पदाधिकारी ने आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किए। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि शेड काफी छोटा होने के कारण आमजन धूप में खड़े थे। जिससे काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को बड़ा शेड बनवाने का निर्देश दिये। वहीं आरटीपीएस कार्यालय परिसर में कर्मियों का मोटरसाईकिल पार्क किया हुआ था जिसपर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किये एवं स्वयं के सामने परिसर को खाली करवाये।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कौआकोल के निरीक्षण के दौरान एमओआईसी डॉ0 पंकज कुमार

उपस्थित पाये गए। वहीं ओपीडी में डॉ0 मनीष कुमार मरीजों का ईलाज करते दिखे। दवा भंडार गृह के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि परिसर के अंदर नई कुर्सियां, रैक, स्टूल आदि कई फर्नीचर रखे हुए थे। जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा था। जिसपर जिला पदाधिकारी ने एमओआईसी को निर्देश दिये कि सभी फर्नीचर एवं कुर्सियों को मरीजों एवं आये हुए उनके अविभावकों के लिए उपयोग में लाना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कुछ दवाईयां और सामग्री परिसर के अंदर यत्र-तत्र फेका हुआ था। इस संबंध में एमओआईसी को निर्देश दिया गया कि इन सामानों को किसी डिब्बे में संग्रह करके रखें एवं परिसर को साफ-सुथरा रखेंगे। इस अवसर पर कौआकोल के प्रखंड विकास पदाधिकारी, एमओआईसी के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

आगलागी में पीड़ित परिवार के कन्यादान करेंगे दिनेश अग्रवाल

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से शमसाद अंसारी

बगहा। सिकटा प्रखंड के सुभहा भवानीपुर पंचायत के वीरता टोला मंझरिया गांव में मगंलवार की दोपहर में अचानक आग लग गई आग देखते ही देखते 10 घरों को अपने चपेट में ले ली। आग के लगने से लाखों का नुकसान हुआ हैं। वहीं आग लगाने की सूचना मिलते ही वाल्मीकी नगर लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय सांसद प्रत्यासी दिनेश अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। और उन्होंने पीड़ित परिवारों का दर्द सुना तो अत्यंत ही दुखी हुए। कुछ के लड़कियों की शादी होने वाली थी,कुछ ने अपनी लड़की के गवना में विदाई के लिए फर्नीचर बनावा कर रखें हुए थे तो कुछ के नगदी और सोने चांदी के आभूषण समेत सब जलकर स्वाहा हो गया था।

पीड़ितों के दर्द को सुनकर दिनेश अग्रवाल ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद किया। साथ ही उस गांव के बच्चों की पढ़ाई न रुके इसके लिए उनके पढ़ाई की खर्च की जिम्मेदारी लिया। और पीड़ित परिवार के लड़कियों की शादी की जिम्मेदारी के साथ कन्यादान करने की भी जिम्मेदारी लिया।साथ ही उन्होंने सभी व्यवसायियों तथा जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया की इस आपदा की घड़ी में सभी लोग मिल जुलकर उस पीड़ित परिवार के आशियाने को फिर से बसाने का प्रयास किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने मेरा स्वाभिमान संस्था के द्वारा प्रत्येक परिवार को संजीवनी कार्ड बनाने का निर्देश दिया ताकि उस कार्ड से शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि और रोजगार का लाभ मिल सके। मौके पर स्थानीय सरपंच विजय पटेल व प्रमुख प्रेमशंकर सिंह ,संस्था के संयोजक जितेन्द्र कुमार, नशीम अख्तर,प्रेम किशोर,दीपक गुज्जर,जय नारायण राम आदि उपस्थित रहे।

कल्याणपुर दक्षिण वार्ड 10 में शॉर्ट सर्किट से लगी आग पांच घर जले

लोकतंत्र की आवाज

रौशन सिंह, विभूतिपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत के वार्ड 10 पूर्व मुखिया अर्चना कुमारी के घर के निकट बुधवार को शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई! जिसमें पांच लोग शिव शंकर दास राम शंकर दास राजेश दास रामाश्रय दास और संतोष कुमार दास का घर व घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया! घटना के संबंध में पूर्व मुखिया पति अरविंद कुमार दास ने बताया कि बुधवार को करीब 2:00 बजे शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई! जिससे परिवार में चीख पुकार मच गई! इसकी जानकारी होने पर काफी संख्या में लोग जुट गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ! लेकिन जब तक लोग आग पर काबू पाए तब तक पांच गरीब लोगों का घर जलकर राख हो गया !

रजौली के धमनी गांव में विधवा के घर में लगी भीषण आग

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। बुधवार को रजौली थाना क्षेत्र के धमनी गांव के टोला चतरो के वार्ड संख्या 8 निवासी स्व संजय यादव की पत्नी विधवा रीना देवी के घर में खाना बनाने के क्रम में चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। अगलगी की इस घटना में घर के अलावे एक गौशाला, 5000 पुआल, 5 क्विंटल गेहूं एवं खाने-पीने का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद आग की लहरें धीरे-धीरे बढ़ती गई।

आग की सूचना पर गांव के ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन आग पर काबू नहीं पा सकी। इसके तुरंत बाद अग्निशमन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर तुरंत अग्निशमन विभाग की टीम धमनी के चतरो गांव पहुंचकर घर एवं गौशाला में लगी भीषण आग को बुझाने की कोशिश की। अन्ततः आग

पर काबू पा लिया गया। इस अगलगी की घटना में विधवा रीना देवी पति स्व संजय यादव का एक घर, एक गौशाला, 5000 पुआल, 5 क्विंटल गेहूं एवं घर के खाने-पीने का सामान जल का राख हो गया। रीना देवी की बेटी सिंकु कुमारी के द्वारा अग्निशमन विभाग को क्षति पूर्ति के लिए आवेदन दिया गया है।

इस संबंध में अग्निशमन विभाग के सहायक अग्निशाम पदाधिकारी राम अवध सिंह ने बताया कि रजौली थाना क्षेत्र के धमनी गांव के टोला चतरो के वार्ड संख्या 8 के विधवा रीना देवी पति स्व संजय यादव के घर में खाना बनाने के क्रम में चूल्हे की चिंगारी से घर एवं गौशाला में आग लग गई थी।

ग्रामीणों के द्वारा तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अग्निशमन विभाग की एक बड़ी अग्निशमन वाहन

- भीषण आग में एक घर, एक गौशाला, 5000 पुआल, 5 क्विंटल गेहूं एवं खाने-पीने का सामान जलकर हुआ राख

धमनी गांव के टोला चतरो पहुंची और घर एवं गौशाला में लगे भीषण आग को बुझाकर आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया। अग्निशाम पदाधिकारी ने बताया कि इस अगलगी की घटना में क्षति पूर्ति के लिए आवदेन प्राप्त हुआ है। इस अग्निकांड में किसी मनुष्य एवं जानवर का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम में प्रधान अग्निक राम अयोध्या प्रसाद सिंहा, अमर कुमार, पप्पू कुमार राम, शमसेर अंसारी एवं गृह रक्षक चालक कपिल प्रसाद के साथ फायर ब्रिगेड की टीम में कई कर्मी मौजूद थे।

हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा का आयोजन, हुई विशेष पूजा- आराधना

लोकतंत्र की आवाज़

गया। श्री सालासर बालाजी मंदिर में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया है। इसी के साथ ही दो दिवसीय जन्मोत्सव समारोह संपन्न हुआ है। बुधवार को पुरानी गोदाम स्थित श्री मारवाड़ी पंचायत भवन में भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूलों से सुशोभित पंडाल में बालाजी हनुमान जी के चित्र को विराजमान करा कर विशेष तरीके से पूजा अर्चना की गई है।

श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की प्रार्थना कर अखंड ज्योत में आहुति दी गई है। महा आरती एवं हनुमान चालीसा के पाठ के उपरांत हनुमान जी पर पुष्प वर्षा कर आराधना की गई है।विशाल भंडारे में



बालाजी को 56 भोग, गुलाब जामुन, बूंदी, लड्डू,बर्फी एवं सावामणी के प्रसाद का भोग लगाया गया। उसके बाद दोपहर 12:00 बजे से भंडारा का प्रसाद शुरू हुआ। दो दिवसीय आयोजन की तैयारी में श्री सालासर बालाजी परिवार के पदाधिकारी,सदस्य गण सहित भक्तजनों का सराहनीय योगदान रहा। जन्मोत्सव को लेकर लगातार 24 घंटे तक ब्राह्मणों के द्वारा अखंड रामायण का पाठ,सामूहिक सुंदरकांड एंव हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा है। बालाजी हनुमान के दर्शन पूजन के लिए राम भक्तों की भीड़ लगी रही है। इस अवसर पर समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया, अनिल स्वामी अनंत धीश अमन महेंद्र मोर, विनोद जसरापुरिया, पवन मोर, संजय अग्रवाल, प्रदीप धानुका, संजय पोद्दार, गोपाल प्रसाद पटवा, धीरज रोनीयार,परमजीत सिंह, विनोद धानुका अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

गौनाहा-आइडियल पब्लिक स्कूल बेलसंडी को मिला क्यूआर कोड, बच्चों में खुशी

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा । प्रखंड के बेलसंडी हाई स्कूल के बगल में संचालित आइडियल पब्लिक स्कूल का क्यूआर कोड मिलने से विद्यालय परिवार के साथ-साथ विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं

सैकड़ो छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। बताते चले की आइडियल पब्लिक स्कूल का रजिस्ट्रेशन 2013 में हुआ था तब से लगातार थरुहट इलाका के इस सुदूर क्षेत्र में दर्जनों गांव के सैकड़ो बच्चों को अनुशासन रहित शिक्षा प्रदान करने में एक अलग मुकाम हासिल किया है। इस विद्यालय से अनेकों बच्चें पढ़कर आज बिहार सरकर व केंद्र सरकार में अपना सेवा दे रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य नसीम अख्तर से हुई बातचीत में उन्होंने बताया की हमारा

विद्यालय का मान्यता पूर्व में ही मिल चुका था लेकिन शिक्षा विभाग के द्वारा नए नियम के तहत आइडियल पब्लिक स्कूल को भी आरटीई की सभी माप-दंड को पूरा करने के पश्चात विभाग द्वारा आईडियल पब्लिक स्कूल को नया क्युआर कोड प्राप्त हुआ है। जिस कोड को आप स्कैनिंग करके विद्यालय की संपूर्ण जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं । इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात तो यह है कि प्रखंड के आइडियल पब्लिक स्कूल पहला ऐसा स्कूल है जिसमें न्यूनतम शुल्क में बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराई जाती है। इस विद्यालय में कमजोर छात्रों के लिए विद्यालय प्रशासन के द्वारा निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था, कंप्यूटर क्लासेस के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाती है।

पकरीबरावां के देवीबीघा में दूल्हे के पिता की पीट- पीटकर हत्या

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के देवीबीघा गांव में बुधवार को लाठी से पीट- पीटकर एवं गला दबाकर 45 वर्षीय ब्रहमदेव यादव की हत्या कर दी गई। एसआई मनीष कुमार गांव पहुंचकर मामले की जांच की।

थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पांच नामजद लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अधेड़ की हत्या के बाद से आरोपी घर से फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृतक के बड़े भाई महेंद्र यादव ने बताया कि 20 अप्रैल को मृतक के पुत्र धीरज कुमार की शादी थी। बारात सिकंदरा थाना के ऋषिडीह गांव निवासी साधु यादव के यहां गया था। बताया जाता है कि बारात

में खाना खाने एवं डीजे पर गाना बजाने को लेकर नोकझोंक एवं हल्की मारपीट हुई थी। शादी के बाद बुधवार को लड़की का भाई रामप्रवेश यादव अपनी बहन को ससुराल से विदाई कर मायके ले जाने आया था। परिवार के लोगों ने बताया कि जैसे ही इसकी भनक आरोपी को लगी। वह अन्य के साथ पहुंचकर लड़की के भाई के साथ मारपीट करने लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब लड़का के पिता को इसकी जानकारी मिली तो वह बीच- बचाव करने लगा। मृतक के बड़े भाई के अनुसार लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट की एवं गला दबा दिया। गंभीर रूप से इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बगैर सूचना के बीआरसी से गायब मिले सभी बीआरपी

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। लोकसभा चुनाव में रजौली के डिस्पैच सेंटर में हिसुआ विधानसभा के लिए लाए गए बेंच को पहुंचाने को लेकर बीआरपी द्वारा की जा रही लापरवाही को लेकर बुधवार की शाम बीडीओ अनिल मिस्त्री ने बीआरसी की जांच की।

रजौली इंटर विद्यालय स्थित बीआरसी भवन की जांच के दौरान बगैर सूचना के कई बीआरपी गायब मिले। केवल एक महिला बीआरपी सिमरन कुमारी ही अपनी ड्यूटी पर उपस्थिति पाई गई। महिला बीआरपी के अलावा सर्व शिक्षा अभियान के दो बीपीएम प्रीतराज कुमार व राकेश कुमार शर्मा उपस्थित थे। जिनमें से बीपीएम राकेश कुमार शर्मा ने बुधवार को ही जांच के दिन बीआरसी में अपना योगदान दिया था। बगैर सूचना के गायब रहने वाले

बीआरपी, डाटा ऑपरेटर, एमडीएम बीआरपी, एमडीएम के डाटा ऑपरेटर के खिलाफ लोकसभा चुनाव के कार्यों में घोर लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर बीडीओ अनिल मिस्त्री ने डीएम से अनुशंसा की है।

गायब रहने वाले बीआरपी में अवधेश कुमार, बिनोद कुमार, कृष्ण प्रसाद शर्मा, रविकांत कुमार, डाटा ऑपरेटर मनीष शंकर मनीष, एमडीएम के बीआरपी शंकर कुमार, एमडीएम के डाटा ऑपरेटर गुड्डू कुमार शामिल है। इनमें से बीआरपी अवधेश कुमार लोकसभा चुनाव के पूर्व 15 अप्रैल 24 से ही गायब है। वहीं दूसरे बीआरपी बिनोद कुमार भी 18 अप्रैल 24 से ही गायब है। इसके अलावा बीआरपी कृष्ण प्रसाद शर्मा, रविकांत कुमार उपस्थिति बनाकर बगैर सूचना के गायब थे। बीडीओ अनिल मिस्त्री ने बताया कि एडीएम चंद्रशेखर आजाद के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव को लेकर

- बीडीओ द्वारा की गई जांच के दौरान केवल एक महिला बीआरपी थी उपस्थित
- बीआरपी पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर बीडीओ ने डीएम को भेजी अनुशंसा

रजौली के प्रभारी बीईओ दिगंबर ठाकुर के द्वारा हिसुआ विधानसभा के लिए 500 बेंच लाने-पहुंचाने की व्यवस्था करनी थी। लेकिन लोकसभा चुनाव में रजौली बीईओ के द्वारा ना तो बेंच चलाने में मदद की गई और ना ही बेंच पहुंचाने की व्यवस्था ही की गई। जो लोकसभा चुनाव के दौरान उनके कार्यों में लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने के बाद बीआरसी भवन के द्वारा विभिन्न विद्यालयों से लाए गए बेंचों को उनके विद्यालयों में वापस पहुंचाना था। लेकिन लगातार सूचना मिल रही थी कि लोकसभा चुनाव को लेकर लाए गए बेंच को रजौली के बीआरसी के द्वारा उन विद्यालयों में नहीं पहुंचाए गए थे। इसके बाद जब बुधवार को उन्होंने बीआरसी की जांच की तो जांच में बीआरसी में काम करने वाले सभी बीआरपी गायब मिले। केवल एक महिला बीआरपी सिमरन कुमारी ही बीआरसी में उपस्थिति पाई गई। जांच के दौरान बीआरसी में उपस्थित कर्मियों से बीडीओ को जानकारी मिली कि एमडीएम के बीआरपी शंकर कुमार ना के बराबर कार्यालय आते हैं।

बीडीओ अनिल मिस्त्री ने बताया कि लोकसभा चुनाव के कार्यों में बीआरपी के द्वारा घोर लापरवाही की गई है। ऐसे कर्मी बीआरपी की पात्रता नहीं रखते हैं। लिहाजा ऐसे सभी बीआरपी को बीआरपी से हटाने के लिए डीएम से अनुशंसा की गई है।

संक्षिप्त खबरें ।

पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार अररिया में 230154 अधिक मतदाता करेंगे वोट

लोक तंत्र की आवाज़
डा. रूद्र किंकर वर्मा

अररिया। पिछले लोकसभा चुनाव से इस बार के लोकसभा 2024 के चुनाव में दो लाख तीस हजार एक सौ चौवन मतदाताओं की वृद्धि हुई हैं। निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 09अररिया संसदीय सीट पर इस बार पुरुष मतदाताओं की संख्या 104981 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 968564 है। आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान समय में जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 20,18,474 तक पहुंच गई है। इस बार मतदान केंद्रों की संख्या 2004 हो गई है जो 1002 भवनों में है।वरीय पदाधिकारी अजय ठाकुर ने बताया कि कुल संख्या 94 थर्ड जेंडर के मतदाताओं की कुल संख्या है। एवम सेवा मतदाता 990 है।

मिनीगन फैक्ट्री उद्देदन मामले में एसपी ने जेएसआई को किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता। बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के लक्ष्मिनियां गांव में बीते दस अप्रैल को एक मिनीगन फैक्ट्री उद्धेदन मामले में आरक्षी अधीक्षक हिमांशु ने थाना के पुअनि अनिल कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र में छापेमारी किया गया था। जिसमें एक मिनीगन फैक्ट्री का उद्धेदन कर एक देशी पिस्टल, एक दो नाली बंदुक, दो एकनाली बंदुक, छह देशी कट्टा, चार एयर गन, 152 जिंदा कारतूस बरामदगी के साथ साथ तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी में आपका सराहनीय योगदान रहा है। यह आपकी कड़ी मेहनत, कार्यकुशलता तथा अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के कारण हुआ है। मैं आशा करता हूं कि आने वाले समय में भी आप इसी तरह अपने कर्तव्यों का पालन करें।

जमीन विवाद के कारण हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी, सदर अस्पताल में भर्ती

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। जिले के नौहट्टा थाने के डरहार ओपी क्षेत्र के लालपुर टोला चंपानगर वार्ड नंबर 6 में जमीन विवाद के कारण हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वही एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सहरसा द्वारा डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में पीड़ित के भाई बबलू कुमार ने बताया कि मेरे निजी जमीन में एक फीट अंदर विपक्षी द्वारा बाउंड्री बाल कराया जा रहा था। जिसे मना करने पर उन लोगों के द्वारा मारपीट की गई। उन्होंने बताया कि उन लोगों द्वारा मेरे घर को घेरने के उद्देश्य से जबरन आठ पिलर खड़ा कर दिया गया। इस संबंध में थाने में भी शिक– ायत की गई थी। वहीं थाने के समझौते के बाद भी विपक्षी द्वारा जानबूझकर जमीन हड़पने की नीयत से मारपीट की गई जिसके कारण मेरे बड़े भाई भूमि यादव, रविंद्र कुमार एवं भाभी शुभ कला देवी को मारपीट कर लहू लोह– न कर दिया। उन्होंने बताया कि विपक्षी पृथ्वी चंद यादव, दुलारचंद यादव, इंग्लिश यादव, सुरेश यादव, नीरज यादव, श्याम सुंदर यादव, तेज नारायण यादव, संतोष कुमार– , जयवीर यादव, महेंद्र यादव, घूरन यादव, फूलों यादव, सनी यादव सहित अन्य अज्ञात लोगों के द्वारा लाठी एवं लोहे के रड से बुरी तरह मारपीट की गई। जिसके कारण भूमि यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसे सदर अस्पताल सहरसा द्वारा नाजुक स्थिति को देखते हुए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर दोषी लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

दूसरे चरण में बिहार के पांचों सीटों भारी बहुमत से जीतेगी जद प्रत्याशी: कैबिनेट मिनिस्टर जमा खान

लोकतंत्र की आवाज

फारबिसगंज । बिहार सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर जनाब जमा खान ने दावा किया कि दूसरे चरण में बिहार के पांच सीटों पर चुनाव होने वाली है। जिसमें भागलपुर, बांका, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज शामिल है। इन सभी सीटों पर बरकरार रहेंगी जद यू की पांचों सीट और जीत का अंतर होगा पिछली बार से ज्यादा ज्यादा मतों से। किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जनाब जमा खान किशनगंज से पटना प्रस्थान करने के क्रम में अररिया फारबिसगंज फोर लेन पर अवस्थित दरबार ढाबा पर पत्रकारों से रू ब रू होते हुए मंत्री जमा खान ने कहा कि बरकरार रहेंगी जद यू की पांचों सीट',जीत का अंतर पिछली बार से ज्यादा होगा। मंत्री खान ने मतदाताओं से न्याय के साथ विकास हेतु प्रधानमंत्री मोदी जी एवम सीएम नितीश कुमार जी के सपनों को साकार करने की अपील के साथ मतदान केंद्र पर जा कर पहले मतदान फिर जलपान की उक्ति को चरितार्थ करने की अपील की। इस मौके पर युवा भाजपा नेता दिलीप मेहता के अलावे दरबार ढाबा के ऑनर सुनील झा, एवम मंत्री जी के साथ चल रहे सहयोगी मौजूद रहे।

सहयोग अध्यक्ष डॉ.अजीत ने चलाया मतदान जागरूकता कार्यक्रम

समाज राज्य एवं देश की रक्षा के लिए बिना किसी लोभ लालच का देश हित में कार्य करने वाले दल एवं सुयोग्य व्यक्ति को चुने किसी भी लोभ लालच में ना आवे किसी के बहकावे में नही आवे गुप्त मतदान निर्भीक और निडर होकर करें

लोक तंत्र की आवाज़

पूर्णियां। डॉ.अजीत प्रसाद सिंह अध्यक्ष सहयोग के द्वारा अपने वॉलिंटियर्स के साथ मिलकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही पर्यावरण बचाओ हेतु पौधा वितरण एवं पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ अजीत ने कहा पृथ्वी की रक्षा के लिए पौधा बहुत जरूरी है पौधा के बगैर जनजीवन पर्यावरण संकट में पड़ जाएगा इसलिए अधिक से अधिक पौधा लगाए पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाए ताकि पृथ्वी स्वच्छ और सुंदर बन सके इस अवसर पर सहयोग वॉलिंटियर्स के द्वारा पौधा वितरण किया गया साथ ही साथ कई जगह पौधा लगाया भी गया और प्रजातंत्र में मतदान अति आवश्यक है क्योंकि मतदान के द्वारा ही जनतंत्र प्रजातंत्र एवं अपनी सरकार की रक्षा की जा सकती है अगर हम सबको अपना अधिकार चाहिए तो अपने कर्तव्य का पालन करना ही होगा मतदान करना ही होगा और साथ ही साथ अपने समाज के सभी वर्गों को इसके प्रति जागरूक करना भी हमारा मौलिक अधिकार है।

समाज राज्य एवं देश की रक्षा के लिए बिना किसी लोभ लालच का देश हित में कार्य करने वाले दल एवं सुयोग्य व्यक्ति को चुने किसी भी लोभ लालच में ना आवे किसी के बहकावे में नहीं आवे गुप्त मतदान निर्भीक और निडर होकर करें अगर आप शिक्षा स्वास्थ्य कृषि रोड रेल समग्र विकास प्रशासनिक सुधार भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना चाहते हैं तो सबसे पहले स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर अपना मतदान करें अपने आप को भ्रष्टाचार में लिपत नहीं होने दे शराब शबाब कबाब 2 दिन की खुशी कुछ पैसों के लिए अपने मतदान को नहीं बेचे निर्भीक और निडर होकर मतदान करें जहां किसी प्रकार की कोई दबाव और डर दिखाया जाए चुनाव आयोग एवं प्रशासन से सहयोग लें हर हाल में अपना मतदान करें और अपने समाज के सभी वर्गों को मतदान के प्रति जागरूक करके मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

सुपौल जिले के युवक की ननिहाल में गोली मार हत्या

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता। अनुमंडल मुख्यालय के माखनटोला के समीप सोमवार की रात सुप्तावस्था में एक युवक की गोलीमार हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुपौल जिले के बसबिट्टी निवासी त्रिभुवन चौधरी का पुत्र शिवम कुमार उर्फ छोटू (25) के रूप में पहचान की गई। घटना की सूचना पर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर, इंपेक्टर शुजा उद्दीन, थानाध्यक्ष सुबोध कुमार घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृत युवक पुरानी बाजार स्थित अपने ननिहाल में मामा सूरज जायसवाल के यहां विगत 10 माह से रह रहा था।

घटना की रात्रि मामा के साढू पवन चौधरी के घर माखन टोला में अकेले था। आशंका जताया जा रही है की रात्रि में ही ग्रिल खोलवाकर उसे गोली मारक र हत्या कर दी गई। मृत यवक के शरीर पर दो गोली के निशान देखा गया है।

मृतक सुपौल के बसबिट्टी का रहने वाला बताया गया

पुलिस ने घटना वाले कमरा से एक खोखा भी बरामद किया है। इस घटना के बाद घर के आसपास लोगो की काफी भीड़ जमा हो गई। इस घटना की सबसे ज्यादा आश्चर्यजनक बात यह है की घटनास्थल घनी आबादी में है। बावजूद आसपास के लोगो को घटना की भनक तक नहीं लगी। सुबह में जब मृत युवक नाश्ता खाने मामा के घर पुरानी बाजार नही आया तो उनके मोबाइल पर फोन किया तो उनका नम्बर बंद बताया। फिर जब माखन टोला आया तो उनका शव बेड के नीचे खून से लथपथ पड़ा था। उसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की गहराई से जांच पड़ताल की जा रही है।

बिहार में अफसर शाही हावी है जनप्रतिनिधियों की लचर व्यवस्था आम गरीबों जनताओ इनके रुतबा से त्रस्त जिम्मेदार कौन

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा, संवाद। सूत्र बताते चले कि बिहार में अफसरशाही इतना हावी है कि थानेदार का तानाशाही से जनकल्याणकारी योजना व विकास योजना क्षेत्रों में सर जमीन पर हाफ रहा है अफसरशाही वह जनप्रतिनिधियों की लचर व्यवस्था से हैरान वह परेशान गरीबों अपना आवाज तो दूर की बात कोई बात भी करने से कतराते जनप्रतिनिधियों की लचर व्यवस्था इतना हावी है कि सर जमीन पर किए गए कोई भी कार्य हाफ रहा है अब तो आरटीआई भी लोगो लगाना छोड़ दिया जो कि थाना में किसी अफसर या जनप्रतिनिधि के खिलाफ कोई योजना से संबंधित जानकारी मांगते हैं तो उस पर मामला दर्ज हो जाए जब पत्रकार को थानेदार धमका देता है तो सच्चाई पूछने पर तो करवा लगता ही है लोगों का मानना है की समस्या से संबंधित कोई बात पूछने पर अफशरशाही व जनप्रतिनिधियों को करवा लगता है और मुकदमा दर्ज करने का जनप्रतिनिधि या अफसर या थानेदार जेल भेजने को धमकियां तक दे डालता है बिहार में सभी क्षेत्रों में लोगों अफसरशाही व जनप्रतिनिधि की लचर व्यवस्था से त्रस्त है थानेदार का क्या कहना शराबबंदी के नाम पर लोगों को बेवजह धमकियां देना जेल भेजना आदि नितनियती बन गया है प्रशासन का सरकार में लोगों ने इस रवैये को गंभीरता से लिया अफसरशाही की ओर जूझता बिहार लोगों का विश्वास राजस्व से लेकर योजना का हाल बेहाल आइए दिन शराब व कोरेक्स का करोबार फलता व फूलता नज़र आ रहा है हर कोई त्रस्त है परेशान तो ज़िम्मेदार कौन युवा पीढ़ी को नशा व कोरेक्स का लत लग चूका है ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक।

सामान्य प्रेक्षक एम.बी. राजेश गौड़ा की अध्यक्षता में हुई सभी डिस्पैच सेन्टर, बज्रगृह एवं ईवीएम कोषांग से संबंधित आवश्यक तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक

लोक तंत्र की आवाज

अररिया। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर समाहरणालय अररिया स्थित परमान सभागार में सामान्य प्रेक्षक एम.बी. राजेश गौड़ा की अध्यक्षता में आज सभी डिस्पैच सेन्टर, बज्रगृह एवं ईवीएम कोषांग से संबंधित आवश्यक तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी, अररिया, श्रीमती इनायत खान, पुलिस प्रेक्षक श्रीमती मधुरा वीणा एम एल, व्यय प्रेक्षक सुनील श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक अतिम रंजन एवं सभी डिस्पैच सेंटर के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी बज्रगृह एवं ईवीएम कोषांग, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सामान्य प्रेक्षक महोदय द्वारा सभी संबंधित पदधिकारी को डिस्पैच सेंटरों पर आवश्यक तैयारियां ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

इससे पूर्व बैठक में वरीय प्रभारी, प्रेक्षक कोषांग –सह– अपर समाहर्ता, जि0लो0शि0नि0 पदाधिकारी, अररिया द्वारा सभी विधानसभा हेतु चिन्हित डिस्पैच सेंटर पर अबतक की गई अद्यतन तैयारियों से अवगत कराया गया।

ज्ञात्वय हो कि अररिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु चार विधानसभावार पोलिंग पार्टी–सह–ईवीएम–वीवीपैट डिस्पैच डिस्पैच सेंटर क्रमशः 47 रानीगंज एवं 49 अररिया विधानसभा क्षेत्र हेतु अररिया अररिया कॉलेज, 46 नरपतगंज एवं 48 फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति, 50 जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र हेतु अल शम्स मिल्लिया कॉलेज अररिया तथा 51 सिकटी विधानसभा क्षेत्र एम.एल.डी.पी.के. यादव कॉलेज अररिया बनाया गया है।

सहरसा के धबौली में भीषण आग लगाने से लाखो की संपति जलकर हुई राख

लोकतंत्र की आवाज

देवेन्द्र कुमार

पतरघट । प्रखंड क्षेत्र के धबौली पूर्वी वार्ड नंबर 11 मे मंगलवार को लगभग 10:30 बजे केशवपुर निवासी सियाराम यादव पिता कालेश्वर यादव के घर में लगी भीषण आग जिसमें घर मे रखा सभी सामग्री जलकर राख मे तब्दील हो गया

वही पिरीत गृहश्वामी सियराम यादव पिता कलेश्वरी यादव ने अंचलाधिकारी को दिये लिखीत आवेदन मे कहा मेरे घर में अचानक आग लगने से घर मे रखा का परा ,फर्निचर ,जेवरात ,अनाज सहित लाखो की समप्ती राख मे तब्दील हो गया ,अचानक आग लगने से आग ने इतना भयाबह रुप ले लिया की देखते ही देखते पूरा घर को अपने चपेट में ले लिया ,वही ग्रामीण के करी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अंचल अधिकारी को दिया। अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने सूचना मिलते ही संबंधित राजस्व कर्मचारी को घटना स्थल पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। अंचल अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सरकारी नियमानुसार पीड़ित परिवार को सहायता राशि दी जाएगी।

राजद भाजपा की बी टीम की तरह लोकसभा चुनाव मैं नज़र आ रही : शाहजहाँ शाद

लोक तंत्र की आवाज

फारबिसगंज। डेवलपमेंट फ्रंट के महासचिव शाहजहां शाद ने तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राजद के युवराज़ तेजस्वी यादव जी पूर्णिया के मंच से खुलेआम कहते है की ₹या तो आप इंडिया को वोट कीजिये या एनडीए को₹ ऐसे वक्तव्य से यह साफ़ समझा जाए की राजद भाजपा गठबंधन से समझौता कर चुकी है,अंदर खाने की सच्चाई अब मंच पर भी आने लगी है,आरजेड़ी बिहार में भाजपा के लिए इम्पक्ट प्लेयर की भूमिका मैं है पूर्णिया और बिहार की जनता इस बात को समझ चुकी है,

लालू यादव को मुसलमान आडवाणी का रथ रोकने पर 35 साल से अपना मसीहा मानकर वोट देते आयें है,और अब कब तक रथ दिखा कर मुसलमानो को राजद की सवारी करवाओगे? सामाजिक न्याय का नारा देने वाले तेजस्वी, हिस्सेदारी और बराबरी की बात करने वाले तेजस्वी यादव जी,18% मुसलमान की संख्या में महज़ दो सीटें मुसलमानो के खाते में देते हैं,14 परसेंट वाले यादव जाति के 8 उम्मीदवार खड़े किये है वही 2.5% वाले मल्लाह की आबादी वाले मुकेश सहनी को 3 सीट,सामाजिक न्याय का नारा देने वाले आरजेड़ी के पैरोकार मुकेश सहनी मल्लाह के नाम पर 3 सीट तो ले लिए लेकिन तीन सीट पर अन्य जातियों के कैंडिडेट को उतार दिया,बिहार मैं अब मुस्लिम वोट राजद के हाथ से फिसलती हुई दिख रही है!

एनसीसी गर्ल्स बटालियन द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। 4 बिहार गर्ल्स बटालियन के तत्वाधान में रमेश झा महिला महाविद्यालय द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती का सफल आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा वीर कुंवर सिंह चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

साथ ही जन–जन को यह संदेश दिया गया कि हमे अपने मह– पुरषों और स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में तथा उनके देश के प्रति त्याग, बलिदान और साहस से सदैव प्रेरित होकर अपने समाज और देश के प्रति हमेशा कर्तव्यशील होना चाहिए। साथ ही हमे बाबू वीर कुंवर सिंह जी के जीवन से यह सीखना चाहिए कि उम्र कभी भी हमारे साहस को कम नहीं कर सकता है। अगर हम मे देश के लिए कुछ करने का जूनून हो तो। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजीव सिन्हा, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणधीर सतीश डी, केयर टेकर डॉ पूजा कुमारी और सूबेदार संतोष प्रधान ने की। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन में हवलदार परमानंद, हवलदार विश्वजीत, जीसीआई दीक्षा, और प्रिया तथा एनसीसी कैडेट्स में मुख्य रूप से कैडेट निशा, पूनम, सुलेखा, खुशबू, पुनीता, स्वीटी, प्रियंका, नवदुर्गा, मुस्कान, रूपम, रानी, खुश्बू, अंशु, भारती, नेहा रिचा, अनुपम, शिवानी, रोशनी, नेहा आदि शामिल थे।

रमेश झा महिला महाविद्यालय द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती का सफल आयोजन किया गया

26 को फारबिसगंज आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक होगी उनकी सभा:विजय कुमार मंडल

लोक तंत्र की आवाज

डा. रूद्र किंकर वर्मा

फारबिसगंज। अनुमंडल मुख्यालय के फारबिसगंज स्थित हवाई अड्डा मैदान में आगामी 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी जनसभा को लेकर जहां लोग उत्साहित हैं वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में बुधवार को फारबिसगंज सभा स्थल जायज़ा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री सह सिकटी के लोकप्रिय भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने पीएम नरेन्द्र भाई मोदी के 26 अप्रैल को होने वाली चुनावी सभा को ऐतिहासिक होने का दावा किया।

नेपाल के लोग भी पीएम के कार्यक्रम में होंगे शामिल: विधायक श्री मंडल ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उदघाटन के बाद से लोगों का मोदीजी के प्रति आकर्षण बढ़ा है उन्होंने बिहार के सभी चालीस लोकसभा सीट पर एन डी ए प्रत्याशियों की जीत का दावा किया। खासतौर पर उन्होंने पीएम के कार्यक्रम में पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के लोगों के भी पीएम को देखने व सुनने के लिए आने की बात कहते हुए कहा कि जनसभा में रिकार्ड भीड़ जुटेगी। पीएम मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्य से लोग काफ़ी उत्साहित हैं।

फारबिसगंज में पीएम की सभा को लेकर एसपीजी ने संभाली कमान: फारबिसगंज के हवाई फील्ड मैदान में 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर सुरक्षा चाक–चौबंद रहेंगी। एसपीजी पर सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी रहेगी। पीएम के आगमन से चार दिन पहले ही फारबिसगंज में एसपीजी के अधिकारियों ने पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाल लिया है। बताया जाता है कि पीएम की सुरक्षा को लेकर पूरी टीम फारबिसगंज पहुंची है। जिसमे एसपीजी के आईजी रैंक के अधिकारी समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा अधिकारी शामिल हैं।

फारबिसगंज में पीएम की सभा को लेकर एसपीजी ने संभाली कमान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

संक्षिप्त खबरें ।

एफपीओ संचालन को लेकर हुई बैठक जुड़े महिलाओं का हुआ ई-केवाईसी

लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ
गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड परिसर में स्थित जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित बीएमएमयू ऑफिस में बुधवार को एफपीओ संचालन को लेकर महिलाओं के साथ बैठक किया गया। बैठक जिला अधिकारी के निर्देशानुसार एफटीसी अनिल प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। बैठक में उपस्थित कर्मी एवं महिलाओं के बीच जल्द से जल्द एफपीओ संचालन करने की चर्चा की गई। एवं ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को जोड़ने की बात कही गई।तथा जुड़े हुए 10 सदस्यों का ई केवाईसी ऑनलाइन करवाया गया। मौके पर उपस्थित सुमन वर्मा विजय रजक युगेश्वर दांगी रंजीत यादव प्रतिमा देवी नीलम कुमारी उषा देवी कंचन कुमारी पूजा कुमारी व अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

पलामू लोकसभा से राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने भरा नामांकन

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू

पलामू। पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर राजद पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां ने अपना नामांकन किया,मेदिनीनगर शहर के हाउसिंग कॉलोनी में एक कार्यक्रम कर पलामू समाहरणालय पहुँची राजद प्रत्याशी ममता भुइयां और पलामू उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष अपना नामांकन किया,नामांकन के दौरान मंत्री सत्यानन्द भोक्ता , जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ,राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव समेत हजारों की संख्या में क्ठउक्रअ गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए,वही राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने कहा कि अगर चुनाव में वे जीत दर्ज करती हैं तो पलामू में सबसे पहले सिंचाई और बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करेंगी उसके बार पलामू में पलायन की समस्या को दूर करेगी , ज़िले में पलायन को रोकने के लिए उद्योग स्थापित करेंगी जिससे पलामू में लोगो को रोजगार मिल सके और पलायन की समस्या दूर हो इसके अलावा पलामू की अन्य समस्याओ से पलामू की जनता को निजात दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी ।

ग्रामीण एसपी ने घाटशिला में प्रभात फेरी कर लोगों को किया शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक

लोकतंत्र की आवाज
रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम झारखंड

घाटशिला। लोकसभा चुनाव की देखते हुए स्वीप कार्यक्रम के तहत पुलिस प्रशासन भी काफी गंभीर नजर आ रही है इसी कड़ी में बुधवार सुबह को घाटशिला थाना लेकर गोपालपुर रेलवे फाटक तक एक दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में विभिन्न थाना प्रभारियों के साथ–साथ थाना कर्मी भी उत्साहित रहे इस मौके पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि हमने लोकतंत्र के महापर्व 25 मई के दिन मातदान करना है मौके पर घाटशिला थानाप्रभारी मधुसूदन दे मऊभंडार ओपीप्रभारी गौतम कुमार मनोज कुमार के साथ–साथ काफी पुलुकर्मी उपस्थित रहे

संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में मतदाता जागरूकता पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज
रवि प्रकाश सिंह घाटशिला

घाटशिला। स्थित संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में आज स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राज्य स्तर पर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान का ही एक हिस्सा थी।विद्यालय प्रशासिका श्रीमती शोभा गनेरीवाल ने कहा कि बच्चों का यह प्रयास उनके अभिभावकों में निश्चित ही जागरूकता लाएगा। प्राचार्या श्रीमती नीलकमल सिन्हा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का भरपूर मौका देती हैं। इस दौरान विद्यालय मैनेजर श्री प्रसेनजीत कर्मकार, अनूप कुमार पटनायक, सत्यरंजन दत्ता भी उपस्थित थे।इसमें कक्षा नौवी तथा दसवीं से कुल 32 बच्चों ने भाग लिया। बच्चे हिन्दी या अंग्रेजी में से किसी भी एक भाषा में लिखने को स्वतंत्र थे। आयोजन में श्रीमती शर्मिला चटर्जी, सायोनी दास, सरिता मुदलियार एवं मनोज कुमार झा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीमती नीलिमा सरकार व विश्वनाथ दत्ता ने निर्णायक की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में प्रथम मोहित कुमार द्वितीय विमान कुम्भकार तृतीय अंकिता डान अनुष्का अग्रवाल चतुर्थ पूनम हांसदा पीयू चटर्जी को घोषित किया गया सह शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती शाश्वती राय पटनायक की देखरेख में संपूर्ण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय किया, मेरे गावों में सड़क नहीं बना फिर अपने मताधिकार का उपयोग क्यों करें

लोकतंत्र की आवाज

देवघर झारखंड
मोहनपुर संवाददाता । देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के पोस्तवारी पंचायत के हथवारी गांव में ग्रामीणों ने लोस चुनाव में वोट बहिष्कार करने का फैसला किया ग्रामीण एकजुट होकर नारे लगाकर कहा रोड नहीं तो वोट नहीं चुनाव के समय जनप्रतिनिधि आते हैं एवं लंबे–लंबे जहां से देकर चले जाते हैं पूर्व में भी लोकसभा चुनाव में कहा गया था कि इस गांव को मुख सड़क से जोड़ा जाएगा लेकिन अब तक सड़क का नसीब नहीं हुआ इस गांव में बीमारी एवं प्रसव होने पर एंबुलेंस तक नहीं पहुंचते हैं प्रसव को खाट पर लेकर मुख्य सड़क तक जाते हैं। इस गांव में लगभग 500 मतदाता है एवं गांव की जनसंख्या हजारों की है लेकिन इस गांव में अब तक सड़क नहीं बन पाई है इस गांव में एक प्राथमिक विद्यालय हैं जिसमें सड़क न होने के कारण शिक्षक समय पर नहीं पहुंच पाते हैं बरसात होते ही ग्रामीणों की दुर्दशा हो जाती है।

क्या है सड़क का मामलाः जयपुर मुख्य सड़क से गांव की दूरी 3 किलोमीटर है गांव की आने की समस्या सड़क नहीं है जिसे ग्रामीणों ने अपनी जमाबंदी जमीन देकर कोई दूरी तक सड़क बनाई है लेकिन 500 मी आदिवासी की जमीन जमाबंदी है जो देने के लिए नदारत है इसी 500 मीटर से गांव में आवागमन बाधित हो गए हैं आजादी के अब तक इस गांव में सड़क नहीं बन पाई है किसी तरह से ग्रामीण मेड़ के सहारे आवागमन करते हैं जिसको लेकर ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर सड़क की मांग की गई थी वहीं देवघर विधायक नारायण दास को लिखित आवेदन देकर सड़कों की मांग किया गया था लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। इस दौरान उपस्थित मनोज यादव , भोला यादव, बासुदेव, यादव, सुनीता देवी, सुशीला देवी, सहेली देवी, कौशल्या देवी, भूदेव, यादव, जामुन, संतोष, विष्णु , हरिमोहन, चिंतामणि, हेमा देवी, प्रदीप यादव, पोखन, कामदेव, लीलाधर, पर्वतीय देवी , भगवतिया देवी, लालमणि देवी, अझोला देवी, भीमसेन, दिनेश,बालकिशोर, बीनो एवं सैंकड़ों लोग थे।

भाजपा से विष्णु दयाल राम ने पलामू लोकसभा के लिए किया नामांकन

लोक तंत्र की आवाज
बिनोद सिंह पलामू
पलामू। पलामू लोकसभा से नामांकन दाखिल करने के पश्चात मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में आए मैं सभी देवतुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूँ। पलामू लोकसभा की हर एक जनता भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में यह चुनाव लड़ रही है और यह चुनाव जीतकर पलामू की जनता मोदी को एक कमल फूल भेंट करेगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक उद्यान राज्यमंत्री जनरल वी०के० सिंह , भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय , राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भानु प्रताप शाही , प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विधायक एवं पूर्व मंत्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक पुष्पा देवी

● पूर्व शिवाजी मैदान में किस सभा

, विधायक डॉ० शशिभूषण मेहता, विधायक भुपेश चौबे, पूर्व सांसद मनोज भुइयां, पूर्व सांसद घुरन राम, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, लोकसभा प्रभारी विनय लाल, लोकसभा संयोजक विपिन बिहारी सिंह, लोकसभा सहसंयोजक अलख नाथ पाण्डेय, जिला अध्यक्ष पलामू अमित तिवारी, जिला अध्यक्ष गढ़वा ठाकुर प्रसाद महतो, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे,शारदा महेश प्रताप देव, मुकेश निरंजन सिन्हा,रघुराज पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, नरेंद्र कुमार पांडेय,दुर्गा जौहरी,अविनाश वर्मा, विनोद सिंह,प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह , उदय शुक्ला, ओमप्रकाश तिवारी,ओमप्रकाश केशरी,अजय तिवारी, कर्नल संजय सिंह,प्रमोद सिंह ,अरविन्द सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विजय ओझा एवं भारतीय जनता पार्टी, आजसू, जदयू, लोजपा एवं एनसीपी के जिला अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

सीओ ने दर्जनों ट्रेक्टर अवैध बालू के भंडारण को किया जब्त

लोकतंत्र की आवाज

निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ
टंडवा(चतरा)। बुधवार देर शाम टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया जंगल में रखे दर्जनों ट्रेक्टर अवैध बालू के भंडारण को सीओ विजय दास ने जब्त कर लिया। बताया गया कि करीब 50–60 ट्रैक्टर माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से भंडारित जिसका बाजार मूल्य लगभग चार – पांच लाख रुपए है। वहीं इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों को चिन्हित कर विभागीय कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

सूत्रों की मानें तो विभागीय कार्रवाई की भनक लग जाने के कारण हीं अवैध कारोबारियों द्वारा लगभग 40–50 ट्रैक्टर बालू को हटा लिया गया था। बहरहाल, कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।अभियान में सर्वेश सिंह,अभिषेक कुमार, उपेन्द्र सिंह समेत कई पुलिस बल शामिल थे।

दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में लगी आग से जीव-जंतु को हो रही क्षति, जंगल में लगी आग के कारण पलायन कर रहे वन्य जीव

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार गुप्ता, चांडिल अनुमंडल सराइकेला खरसावां (झारखंड)। आज दिनांक 24 अप्रैल 2024 दिन बुधवार , एशिया महादेश का प्रसिद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी दलमा इन दिनों आग के हवाले है ' दलमा पहाड़ में जगह–जगह आग धधक रही है ' इससे जहां वन्य प्राणियों में संकट की स्थिति पैदा हो गई है।

वहीं दलमा पहाड़ में स्थित कई जड़ी–बूटी वाले छोटे–छोटे औषोधीय पौधे जलकर राख हो रहे हैं ' इन दिनों नीमडीह और चांडिल थाना क्षेत्र के दमला के तराई वाले क्षेत्र में आग लगी है ' जैसे–जैसे हवा बहने लगता है उसी अनुसार आग फैलने लगता ' धधक रही आग के कारण तराई में बसे गांवों के ग्रामीण भयभीत है ' ऐसे में ग्रामीण पहरेदारी करते हुए रात बीता रहे हैं ' भीषण गर्मी के बीच जंगल में आग लगने से जंगल के जीव–जंतु ग्रामीण क्षेत्र की ओर अपना रूख कर रहे हैं ' आग लगने के बाद जीव–जंतुओं में भोजन की भी किल्लत हो जाती है। वहीं दूसरी ओर दलमा में पानी की भी किल्लत बताया जा रहा है '

दलमा में चार क्यूआरटी है सक्रिय: दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के वन क्षेत्र पदाधिकारी दिनेश चंद्रा ने बताया कि दलमा क्षेत्र में आग लगने की घटना घट रही है ' इसके रोकथाम के लिए चार क्यूआरटी बनाया गया है ' दलमा के पूर्वी भाग में दो और पश्चिमी भाग में दो टीम सक्रिय है ' पूर्वी भाग के एक टीम में 20 व दूसरे में 25 सदस्य हैं, जबकि पश्चिमी भाग के एक टीम में 15 और दूसरे में 17 सदस्य है ' टीम के द्वारा आग लगने की सूचना और विभागीय पदाधिकारी के निर्देश पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाता हैं ' उन्होंने बताया कि विदेशों की तरह यहा गर्मी के मौसम में भी अपने से आग नहीं लगती है ' आग लग भी जाती है तो बुझ जाती है ' यहां अमूमन जंगल में शरारती तत्वों द्वारा आग लगाया जाता है ' जंगल में कोई आग ना लगा दे इसके लिए लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है ' जंगल में आग लगाते हुए पकड़े जाने पर अभियुक्त को सीधे जेल भेजा जाएगा ' उन्होंने बताया कि आग लगने से जंगल को अधिक नुकसान नहीं होता है , परंतु जीव–जंतुओं को कुछ परेशानीयों का सामना करनी होती है '

गंधनिया हाट मैदान में सामुदायिक भवन बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध शुरू

लोकतंत्र की आवाज

दामपाड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा हाट यहां लगता है

रवि प्रकाश सिंह घाटशिला
घाटशिला । घाटशिला थाना क्षेत्र के गंधनिया हाट मैदान में सामुदायिक भवन बनाने का बुधवार को वहां के दुकानदारों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध किया. इस दौरान हाट मैदान में दर्जनों ग्रामीणों ने नारेबाजी भी किया. ग्रामीणों का कहना था कि दामपाड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा हाट गंधानिया में ही मंगलवार को लगाई जाती है. लेकिन हाट मैदान में सरकार द्वारा सामुदायिक भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है अगर इस मैदान में सामुदायिक भवन का निर्माण होता है तो हाट मैदान काफी छोटा हो जाएगा और दुकानदारों को दुकान लगाने की जगह नहीं बचेगी.

ग्रामीण सामुदायिक भवन का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीण यह मांग कर रहे हैं कि सामुदायिक भवन का स्थान गंधनिया हाट मैदान से बदलकर दूसरे जगह किया जाए. इसको लेकर पिछले दिनों ग्रामीणों के द्वारा सीओ को भी आवेदन सौंपा गया था. लेकिन अभी तक उस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं किया गया है. जानकारी हो कि कल्याण विभाग की ओर से गंधानिया हाट मैदान में 24 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका विरोध ग्रामीण कर रहे हैं.

घाटशिला: 23वीं पुण्यतिथि पर याद किये गए झारखंड आंदोलनकारी भीम नामाता

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह घाटशिला
घाटशिला। झारखंड आंदोलनकारी भीम नामाता की 23वीं पुण्यतिथि बुधवार को माटीकला भवन लालडीह में मनाया गया. इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा कि भीम बाबू मूल रूप से पावड़ा गांव के निवासी थे. झारखंड आंदोलन, आर्थिक नाकाबंदी के दौरान 1993 में साकची मॉडल कार में दो माह तक बंद थे.

झारखंड आंदोलन के दौरान कई बार पुलिस हिरासत में लिए गए थे.अपने जीवन का स्वर्णिम समय झारखंड आंदोलन के दौरान व्यतीत किया था. उनकी मृत्यु 24 अप्रैल 2002 को सड़क दुर्घटना में हो गया. आज उनके पत्नी संतोषी नामाता को राज्य सरकार की ओर से विशेष सम्मान राशि दिया जा रहा है.

इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी संतोषी नामाता, चंदन कुंडू, धीरज भकत, जयंत बेरा, जयदीप भकत, आनंत पाल नंदन कुंडू, अंकित भकत, मनसा पाल, धनंजय भकत, श्याम नारायण भकत, मुकेश भकत, जगदीश भकत मुख्य रूप से उपस्थित थे.

सोना देवी विश्वविद्यालय में शिक्षक और विद्यार्थियों ने ली मतदान की शपथ

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह घाटशिला
घाटशिला । आगामी 25 मई के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अनुमंडल प्रशासन गंभीर है, इसी कड़ी में बुधवार को सोना देवी यूनिवर्सिटी में शिक्षकों शिक्षकेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई गई. इस मौके पर घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो और प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा उपस्थित थे. अपने संबोधन में उन्होंने सभी छात्रों व शिक्षकों से 25 मई के दिन चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया गया.

उन्होंने कहा कि एक सफल प्रजातंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी है इसलिए इस दिन अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें, साथ ही उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का अभी तक वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है वह फॉर्म 6 अभरकर अपना आईडी कार्ड बनवा सकते हैं. इसके बाद वह मतदान कर सकते हैं . इस अवसर पर यूनिका शर्मा ने भी मतदान से संबंधित रश्एएढ की पूरी जानकारी छात्रों से साझा की.इस के पूर्व उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्रयोगशाला , कैंटीन , क्लासरूम व अन्य सुविधाओं का भी जायज़ा लिया इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह कुलपति जेपी मिश्रा , कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद के साथ–साथ सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे.

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बी-ब्लॉक महावीर क्लब में सुंदरकांड का हुआ सामुहिक पाठ, भक्तों की जुटी भीड़

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह घाटशिला
घाटशिला। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त वीर हनुमान जी का जन्मोत्सव ताम्रनगरी मऊभण्डार में भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया गया। बी–ब्लॉक महावीर क्लब रामनवमी अखाड़ा समिति मऊभण्डार की ओर से श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए एवं सुंदरकांड का सामुहिक रूप से पाठ किया। बच्चों की भागीदारी विशेष रूप से देखते ही बन रही थी।

इससे पूर्व पुजारी ब्रजेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरे विधि–विधान से प्रभु श्रीराम और उनके अनन्य भक्त वीर हनुमान जी की पूजा–अर्चना कराया। पूजा संपन्न होने के साथ ही सुंदरकांड का पाठ शुरू हुआ जो दो घंटे तक चला। सुंदरकांड की चौपाइयों से माहौल और भी भक्तिमय हो उठा। सुंदरकांड की समाप्ति उपरांत विधि–विधान से आरती कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा समिति के संरक्षक काल्टु चक्रवर्ती, सच्चिदानंद त्रिपाठी, अध्यक्ष जगतराम, उपाध्यक्ष राकेश दूबे, धर्मेन्द्र सिंह, प्रकाश शर्मा, मुनिब शर्मा, रविशंकर राय, अशोक चौधरी, एस राजन, एलके पांडेय, लाइसेंसी शम्भू जेना, शुरू रेवानी, संजीव सिंह तोमर, अशोक पाठक, दिल बहादुर सोनार, मोहन दास, प्रदीप सिंह तोमर, दीपक सिंह, मंतोष मंडल, साधन बागती, एपी जैसी, निरंजन सतपति, हरेकृष्ण पातर, चंद्रमा सिंह, विद्यासागर पातर, सपन देव, माणिक महंती, प्रमोद सिंह, हिमालय बागती, वीर कुमार साहू, आशीष बागती, बापी मण्डल, ऋतु सिंह, राजा दत्ता, राजेश दूबे, रितेश गुरुम, ओम ठाकुर, सुरेश, निखिल प्रसाद, अमन साव, रितेश शर्मा, ललित नमाता, प्रेम रेवानी, प्रकाश रेवानी, अभय दूबे, विवेक दूबे, सौगात, एरिक समेत कई अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें ।

लोकसभा चुनाव में उपद्रव फैलाने वालों की खैर नहीं : एसपी सारण

लोकतंत्र की आवाज

छपरा (सारण)। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त बनाने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा अभी से ही पहल किया जा रहा है। इस क्रम में सारण एसपी डॉ गौरव मांगला बुधवार को दोपहर मशरक डीएसपी कार्यालय पहुंचे हुए थे। डीएसपी अमरनाथ एवं अन्य पुलिस अधिकारी के साथ बैठक कर विशेष चर्चा किया एवं लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन को आदेश दिया कि मुख्य हर चौक चौराहे पर वाहन जांच अभियान चलाया जाए। एसपी गौरव मांगला ने पुलिस प्रशासन को हिदायत देते हुए कहा कि जिला के बॉडर एरिया पर विशेष जांच अभियान लगातार चलाया जाए। वारंटी अभियुक्त पर निगरानी रखते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाए। एसपी गौरव मांगला ने कहा कि लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष कराने हेतु सारण जिला में कुल 40 चेक पोस्ट बनाया गया है। चुनाव में उपद्रव फैलाने वाले पर विशेष निगरानी रखा जा रहा है, उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई भी किया जा रहा है। सारण एसपी ने यह भी कहा कि जिले के बॉडर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम चल रहा है।

शौच करने गई महिला की डूबने से हुई मौत, जांच शुरू

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के मठिया पूरब टोला गांव में बुधवार को एक महिला की पोखर में डूबने से मौत हो गई। महिला मंगलवार की शाम शौच करने गयी और गायब थी।स्थानीय लोगों ने द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए मृत महिला जय किशुन सहनी की 44 वर्षीय पत्नी सुकुरमुनी देवी है। मृतक महिला को 3 लड़का और 2 लड़की है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है। पति जय किशुन सहनी ने बताया कि मंगलवार की शाम में मेरी पत्नी शौच करने गई थी। जब काफी देर बाद नही आई तो हमलोगों ने खोजबीन शुरु किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने बताया कि पोखर के किनारे महिला का चप्पल पड़ा है। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

गौनाहा: नाबालिक के साथ दुष्कर्म का प्रयास

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा। सहोदरा थाना क्षेत्र के बजड़ा पंचायत के पिपरा गांव मे एक नाबालिक लड़की से तीन लोगों ने दुष्कर्म का प्रयास का मामला सामने आया है। पिडित लड़की का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे वह विशु दाश के पुत्र विकास दास खोखन दास के पुत्र मनमटन दास व उस्मान मिंया के पुत्र अनवर मियां पर छेडखानी करने के उपरांत विरोध करने पर चेहरे को ब्लेड से काट देने का आरोप लगा रही है। हालांकि इस वायरल विडियो की पृष्टी लोकतंत्र की आवाज दैनिक अखबार नही कर रहा है। लड़की नेपाल की बताई जा रही है और वह अनाथ है। जो विगत दस माह से अपने मामा के घर रह रही थी। किसी तरह उनलोगों से बचबचा कर लड़की मामा के घर पहुंची और सारी आपबीती अपने परिजनों को बताई। तत्पश्चात परिजनों ने 112 नम्बर पर फोन कर मामला दर्ज कराया। कुछ देर बाद 112 की गाड़ी मौके पर पहुंच कर पिडिता को अपने साथ रेफरल हॉस्पिटल गौनाहा ले गयी। फिर वहां से प्राथमिकउपचार के बाद उसे उसी हालत मे उसके घर छोड़ दिया। पुलिस ना तो उस मामले का जांच कराना उचित समझा और ना ही उसका बयान दर्ज किया। दोनों पक्षो द्वारा इस मामले को रफा –दफा करने हेतु जनप्रतिनिधियो कि उपस्थिति मे घंटो प्रयास किया गया। देर शाम तक मामले को नही सुलझाया जा सका था। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि 112 नम्बर वाले अपना कार्य अपने तरीके से करते है। इस मामले कि जानकारी नही मिली है। आवेदन मिलने पर कारवाई किया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि 112 की गाड़ी से एक लड़की को रात के बारह बजे के करीब लाया गया था। उसका प्राथमिक उपचार के बाद उसे 112 के अधिकारी को सौप दिया गया है। लड़की के चेहरे पर कटने का निशान था और लड़की डरी सहमी हुई थी।

तिरछी नज़र में एक छोटी सी समिक्षा लोजपा ने मारी खुद के पैर पर कुल्हाड़ी

लोकतंत्र की आवाज

रामजी कुमार, पूसा समस्तीपुर। समस्तीपुर लोकसभा में कल्याणपुर विधानसभा अपनी अलग पहचान रखता है। कल्याणपुर विधानसभा में पूसा जिसकी पहचान से जिला जाना जाता है। पूसा मे केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय होने से इसकी पहचान पूरे देश में है। पूसा जहां प्राकृतिक रूप से समृद्ध है तो राजनीति में बड़े स्तर पर शून्यता ! भाजपा जिला मंत्री (किसान मोर्चा) को लोजपा पूसा प्रखण्ड अध्यक्ष बनाए जाने से अंदरूनी कलह चरम पर पहुंच गया है। भाजपा के ही कुछ कार्यकर्ताओं को तोड़ कर लोजपा में पदाधिकारी बनाया गया बताया तो यह भी जा रहा है की प्रखंड प्रमुख पूसा का चुनाव भी गुटबाजी की एक वजह है, लोजपा और भाजपा, जदयू मौन साधे एक दूसरे को शह् देने में लगे हैं,इनके बीच ताल–मेल बैठता दिख नहीं रहा। भाजपा पूसा अध्यक्ष रंजीत शर्मा को कमजोर करने के प्रयास में भाजपा के ही स्वघोषित छत्रपों द्वारा प्रत्याशी को घेरने के तमाम हथकंडे अपनाये जा रहे है। गाँव, समाज, कार्यकर्ताओं में गोलबंदी/एक दूसरे के खिलाफ चालें चली जा रही है। प्रत्याशी भ्रमण के क्रम में एक गुट कुछ दरवाजे पर प्रत्याशी को नहीं ले जाना चाह रहे थे, जबकि एक गुट ले जाने पर अड गया, इस स्थिति में एक गुट ने उस दरवाजे पर जाने से दूरी बना ली, भोजन की व्यवस्था लोजपा अध्यक्ष संजीव सिंह के यहा थी, तो वहाँ से भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने दूरी बना ली। इस खेल को स्थानीय विधायक सह मंत्री एवं कांग्रेस के प्रत्याशी सन्नी हजारी के पिता महेश्वर हजारी नज़र गराए देख रहे हैं एवं वो भी अपने मोहरे आगे बढ़ा रहे हैं। देखिए ऊ किस करवट बैठता है।

हेमलाल मुर्मू को केंद्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी: नज़रूल इस्लाम

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। माननीय हेमलाल मुर्मू जी को केंद्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर बहुत बहुत बधाई एवं केंद्रीय अध्यक्ष आदरणीय गुरूजी सिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष आदरणीय हेमंत सोरेन जी का बहुत बहुत आभार, हेमलाल मुर्मू को केंद्रीय प्रवक्ता बनाये जाने पर संथाल प्रगणा के कार्यकर्त्ताओ को नई ऊर्जा मिलेगी बधाई देने वालों में प्रखंड अध्यक्ष गुरु हेमब्रम, सचिव मो. सहबाज, केंद्रीय समिति सदस्य संजय गोस्वामी, जिला सचिव सुरेश टुडू, रहमान अंसारी, राजू यादव, जीतेन्द्र यादव, महेश साह, समीर दास, अख्तर अंसारी, इसराफिल अंसारी, इस्लाम सेक, बिरजू सोरेन, पीटर मुर्मू, एवं सभी कारकर्ताओ ने आदरणीय गुरु जी और हेमंत सोरेन जी का आभार व्यक्त किया।

गर्मी में मई-जून महीने नागरिकों को तीन टाईम गंगा जल की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं

बुडको को ज्यादा से ज्यादा टीम बनाकर लीकेज की मरमती युद्ध स्तर पर कराने का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम की अध्यक्षता में गया शहरी जलापूर्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की गई है गया नगर निगम में जलापूर्ति से संबंधित संपन्न समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई है।कार्यपालक अभियंता बुडको द्वारा बताया गया कि घरों में पानी कनेक्शन का कार्य कुछ वार्डों में पूर्ण कर लिया गया है एवं कार्य चल रहा है जिसे जून माह में समाप्त कर लिया जाएगा।इस मौके पर निर्देश दिया गया कि वार्ड में छूटे हुए घरों को भी अविलंब पानी कनेक्शन दिया जाय ताकि गर्मी में नागरिकों को परेशानी नहीं हो।

सिंगरा स्थान के पुराने ओवर हेड टैंक में प्रतिदिन पानी भरने की स्थिति के संबंध में कार्यपालक अभियंता गंगा उद्वहन योजना द्वारा बताया गया कि पुराने टैंक को भरने हेतु अक्षय वट के पास एक एसम्प हाउस जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए जाने का प्रस्ताव है। एसम्प हाउस बन जाने के बाद उक्त टैंक पूरी तरह से भरने लगेगा। अभी उस जगह को से टैंक भर रहा है परंतु पूरी तरह नहीं भर रहा है। आगे निर्देश दिया गया की एसम्प हाउस बनने में अभी समय लगेगा अतः टैंक भरने के लिए कुछ वैकल्पिक व्यवस्था करें। साथ ही गर्मी में मई एवं जून महीने नागरिकों को तीन टाईम गंगा जल की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं।इस बैठक में बताया गया कि कुछ जगहों पर गंदा पानी की शिकायत आ रही है। यह कुछ नागरिकों द्वारा अवैध रूप से जलापूर्ति लाइन में छेद कर दिए जाने के कारण नाले का पानी चले जाने के कारण गंदे पानी की शिकायत आती है। इसपर निर्देश दिया गया की ऐसे लोगों को चिन्हित कर प्रतिवेदन दें जिसपर प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकेगी। बुडको को ज्यादा से ज्यादा टीम बनाकर लीकेज की मरमती युद्ध स्तर पर कराने का निर्देश दिया गया ताकि पानी की बरबादी को रोका जा सके। कार्यपालक अभियंता बुडको द्वारा बताया गया कि सभी ओवर हेड टैंक का निर्माण पूर्ण कर कार्यरत कर दिया गया है।

बुडको को रोड रेस्टोरेशन हेतु दो दिनों के अंदर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है यदि पथ निर्माण विभाग से संबंधित रहने पर उनसे रेस्टोरेशन कराया जाएगा। बुडको को जो रोड रेस्टोरेशन करना है उसे अविलंब रिस्टोर करने का निर्देश दिया गया है। छूटे हुए पाइप लाइन को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

बुडको के कार्यपालक अभियंता को परियोजना में स्कोप में छूटे हुए कार्य का प्रस्ताव अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है जिसे विभाग में भेजा जा सकेगा।इस बैठक में कार्यपालक अभियंता बुडको, कार्यपालक अभियंता तिलैया नहर प्रमंडल सह गंगा उद्वहन योजना , कार्यपालक अभियंता जल पर्षद, सहायक अभियंता बुडको, सहायक अभियंता गंगा उद्वहन योजना एवं श्रीराम ईपीसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

डीएसपी कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर सारण एसपी ने की बैठक, दिए जरूरी दिशा निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

छपरा/मशरक (सारण)। मशरक थाना परिसर स्थित डीएसपी कार्यालय परिसर में सारण एसपी डॉ गौरव मंगला ने लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर का भी निरीक्षण किया। वहीं डीएसपी अमरनाथ, मशरक थानाध्यक्ष धनंजय राय , तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह समेत अन्य कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहें। मौके सारण एसपी ने तरैया थाना के छपिया गांव में दर्ज कांड का अनुसंधान किया और मामले में दोनों पक्षो से कांड से जुड़े अलग–अलग लोगों से पूछताछ की और उस मामले में आवश्यक कारवाई का आदेश जारी किया।

मौके पर सारण एसपी डॉ गौरव मंगला ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए इलाके में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में शत प्रतिशत मतदान के लिए सुरक्षा के आवश्यक निरीक्षण किया जा रहा है उसी तैयारी को लेकर निरीक्षण किया गया है वहीं मतदान केंद्र से लेकर गांवों तक सुरक्षा की तैयारी पर विशेष तैयारी की गयी। उन्होंने बताया कि मशरक, तरैया और पानापुर सारण, सिवान, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर जिला के सीमा पर अवस्थित है वहीं कुछ इलाका दियारा क्षेत्र हैं। सभी क्षेत्रों में लोकसभा के चुनाव को देखते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है वहीं जिला के सीमावर्ती इलाकों में विशेष चेकपोस्ट बनाया गया है। एसपी ने डीएसपी मशरक को निर्देश दिया गया कि मशरक , तरैया, पानापुर और इसुआपुर थाना क्षेत्र के गांवों से आसूचना संग्रह तेजी से करें और मिली आसूचना के अनुसार त्वरित कार्रवाई भी करें। वहीं थानाध्यक्ष को आदेश जारी करें कि सभी थाना क्षेत्र के गांवों में वैसे अवांछनीय तत्वों को चिन्हित करें।

9 दिवसीय ऊंलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक के बलि विशुनपुरा गांव में काली स्थान के प्रांगण में 9 दिवसीय ओम लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा से शुरू हुआ। यज्ञ मंडप में आचार्य टिमल बाबा ने यजमान किशोर राय और धर्मपत्नी की मौजूदगी में सैकड़ों पीला वस्त्र धारण किए महिलाओं और कन्याओं के हाथ में कलश सौंपा जो गांव का भ्रमण करते हुए बड़वाघाट में घोघाड़ी नदी के घाट पर पहुंचा जहां विधिवत मंत्रोच्चार के बाद जल बोझी की गयी और पुनः गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप में पहुंच विधिवत 9 दिवसीय ओम लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।

मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद यादव, सरपंच अजय कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि वरूण यादव,बीडीसी शत्रोहन सिंह,अजय कुमार, मिथलेश कुमार यादव,सोनू कुमार कुशवाहा, हरेंद्र राय,दिपू राय समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 9 दिवसीय महायज्ञ में प्रतिदिन भागवत कथा और पूजन अर्चन किया जाएगा। वहीं परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया है।

औरंगाबाद: डिहवार बाबा के प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकाली गई कलश एवं शोभा यात्रा

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज प्रखंड के चरकावां निचलाडीह में 26 अप्रैल को डिहवार बाबा के प्राण प्रतिष्ठा हेतु बुधवार को कलश यात्रा गाजे बाजे, घोड़े और रथ के साथ निकाली गई। चरकावां डीहवार मंदिर से निकलकर गांव के सभी देवालयों से होते हुए चरकावां ऊमरडीह विष्णु धाम तालाब से जल लेकर वापस डिहवार स्थान पहूंची। जहां पर आचार्य बलिराम मिश्र,पिटू मिश्र,महेंद्र मिश्र,विमलेश मिश्र,आदित्य मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पञ्चांग पूजन एवं वेदी पूजन के साथ कलश का स्थापना की गई।और नयी मंदिर में डिहवार बाबा को स्थापित की जायेगी।

इस मौके पर सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार शर्मा,पूर्व मुखिया भोला चौधरी,राजद नेता योगेंद्र यादव ,पूर्व मुखिया बिनोद प्रसाद दांगी ,पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार यादव एवं उमेश शर्मा एवं स्रोता रविंद्र कुमार वर्मा ,नेमाधारी गुप्ता,जितेंद्र कुमार, समिति के अध्यक्ष आई. डी.सिंह, उपाध्यक्ष सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी, सचिव अखिलेश्वर कुमार एवं शंभू सिंह ,कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार राकेश एवं संतोष कुमार,अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार,रामाशीष यादव ,बृजनंदन प्रसाद,राम प्रवेश प्रसाद,आनंद ,पंकज,बबलू ,चंदन शर्मा, वशिष्ठ दास,जीतू दास, त्रिलोकी दास ,अशोक मेहता, सुधीर कुमार,फंटूस ,पाजू ,उमेश, मंटू ,दिवाली,मिथुन कुमार ,राहुल कुमार ,पंकज सिंह, विक्की कुमार, लालू कुमार सहित सैकड़ो महिला– पुरुष शामिल थे।

भीषण गर्मी को देख नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लगाया नि:शुल्क प्याऊकेंद्र : सुमन कुमार

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा। बीते कई दिनों से क्षेत्र का तापमान काफी बढ़ गया है। चिलचिलाती धूप व भीष्ण गर्मी से आम लोग त्रस्त हैं। भीष्ण गर्मी व लू से बचाव को लेकर शहर के सुप्रसिद्ध दवा व्यवसाय सह सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार की ओर से तात्कालिक प्याऊकी व्यवस्था के तहत नगर पंचायत क्षेत्र के पहाड़ी बाबा चौक, मुंशी पोखर, स्टेशन चौक समीप न्यू आदित मेडिकल के समक्ष शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है।

इस बाबत सामाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार ने कहा सबसे ज्यादा दिक्कत राहगीरों को होती है। दुकानदार बगैर कोई खाद सामग्री खरीदे उन्हें पानी छूने नहीं देते हैं। ऐसे में लोगों को प्यासा रहना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कुछ ही लोग होते हैं जो ब्रांडेड कंपनियों का पानी खरीदने की क्षमता रखते हैं।

श्री कुमार ने कहा राहगीरों को पानी की समस्या से दो–चार नहीं होना पड़े इसके लिए पूरे गर्मी भर मेरे कार्यकर्ताओं की देखरेख में निःशुल्क प्याऊ शिविर लगाया जाएगा। वहीं वर्तमान समय करीब एक माह का चलने वाला रामनवमी मेला का आयोजन बिंदुधाम की तलहटी में होने के कारण शहर में दिन रात सैकड़ो की संख्या में लोगों का आवागमन होता रहता है। ऐसे में जगह–जगह प्याऊकेंद्र के होने से भक्तों एवं राहगीरों के बीच हर्ष का माहौल हैं। लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता श्री कुमार के इस सराहनीय कार्यों को देख काफी सराहना किया है। मौके पर अंकित गुप्ता, काली भगत, कमल सिंह, अमित गुप्ता, कैलाश रविदास, पप्पू दुबे, ललन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थें ?

एकमा में प्राइवेट स्कूल संचालकों के साथ वाहन कोषांग प्रभारी सह सीओ ने की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। लोकसभा चुनाव के लिए वाहन कोषांग में वाहन जमा करने की अपील के साथ एकमा अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी सह वाहन कोषांग प्रभारी राहुल शंकर ने बुधवार को निजी स्कूल संचालकों के प्रिंसिपल व शिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में सीओ राहुल शंकर ने सभी स्कूल संचालकों को चुनाव के लिए वाहन कोषांग में स्कूल बस व अन्य वाहन उपलब्ध कराने की अपील की।

बैठक में उपस्थित स्कूल संचालकों से न्यूनतम दो से पांच बस उपलब्ध कराने को कहा गया है। साथ ही सीओ ने बैठक में शामिल निजी स्कूलों के संचालकों के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि नियमानुसार सभी वाहनों के किराया का भुगतान चुनाव समापन के लगभग एक सप्ताह के अंदर करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में बड़ी संख्या में वाहनों की आवश्यकता को देखते हुए स्कूल संचालकों के साथ बैठक की गई है। स्कूल संचालकों के द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों के कागजात के आधार पर वाहन कोषांग में लॉग बुक खोला जाएगा। बैठक में श्री शंकर ने बताया कि अगले शुक्रवार को क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल के संचालकों अथवा उनके प्रतिनिधियों के साथ वाहन उपलब्ध कराने की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्राइवेट स्कूलों के संचालकों से वाहन उपलब्ध कराने के कार्य में साकारात्मक सहयोग करने की बात कही।

हसपुरा:भोजपुरी स्टार पवन का हसपुरा में रोड शो

लोकतंत्र की आवाज

विजय कर्ण

हसपुरा(औरंगाबाद)। भोजपुरी फिल्मों के पावर स्टार पवन सिंह ने बुधवार को हसपुरा बाजार व पचरुखिया बाजार में रोड शो किया।पवन सिंह ने काराकाट लोकसभा संसदीय सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है।रोड शो में खासकर युवाओं की भागीदारी अधिक देखी गई।

पवन ने अपनी गाड़ी के ऊपर से कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार किया। उनका गाड़ी के साथ काफिला जैसे ही कनाप की तरफ से पटेल चौक हसपुरा पहुंचा कि काफी संख्या में पहले से मौजूद उनके कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। युवा के साथ समर्थक व क्षेत्रीय कलाकारों ने माला पहना भव्य स्वागत किया। पवन सिंह जिंदा बाद,पवन सिंह तुम मत घबराना तेरे पिछे सारा जमाना की नारे गूंजने लगे। रोड शो के दौरान उमड़ी सैलाब को संभालने में पुलिस काफी सक्रिय रही। चिलचिलाती धूप में भी समर्थकों का उत्साह भारी पड़ा।रोड शो में काफी संख्या में युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।लगभग 4 बजे पटेल चौक हसपुरा पहुंचे।पवन ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इसके बाद मुख्य बाजार के दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की।उनके काफिले के साथ पटेल चौक से लेकर बाजार के रेफ़रल अस्पताल मोड़ के आगे तक युवाओं की भीड़ जमी रही।कोई हाथ मिलाने के लिए तो कोई सेल्फी लेने में बेचैन था।हसपुरा के बाद पचरुखिया स्थित शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पवन सिंह का काफिला जब देवहरा पार कर गया तब जाकर प्रखण्ड प्रशासन ने चैन की सांस ली। थानाध्यक्ष नरोत्तम अपने दल बल के साथ काफी सक्रिय देखे गए।रोड शो में युवागण जगह जगह हाथ मिलाकर जिंदाबाद का नारा लगा रहे ठगे।उनके समर्थकों ने कहा कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र में परिवर्तन का लहर चल चुका है जनता परिवर्तन के लिए बेताब हैं।

- रोड शो में खासकर युवाओं की भागीदारी अधिक देखी गई

गंगापुल पर निर्माण कर रही कंपनी डीबीएल के साइट पर फिर हुआ हादसा, एक मजदूर की मौत, दो घायल

लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज व बिहार के मनिहारी के बीच गंगा पुल निर्माण कार्य कर रही प्रतिष्ठित डीबीएल कंपनी सुरक्षा मानकों का ध्यान नहीं रखती. जिससे अब तक कई मजदूरों की मौत हो चुकी है. कई परिवार उजड़ गए हैं. लेकिन कंपनी अब तक मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।साहिबगंज। मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डीबीएल के गंगा पुल निर्माण साइट पर एक बार फिर सुरक्षा में बड़ी चूक से एक मजदूर की मौत हो गई।

जबकि एक घायल हो गया। वहीं दो प्रत्यक्षदर्शी मजदूर इस हादसे को देख मूर्छित हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा महादेवगंज निवासी शत्रुघन मंडल 18 व लालजी यादव 18 पिलर पर ग्राइंडर मशीन से छड़ काट रहा था। इस दौरान मशीन हाथ से छटक गया। जिसमें पिलर पर काम कर रहे दोनों मजदूरों में शत्रुघन मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल लाने की तैयारी चल ही रही थी कि उसने दम तोड़ दिया। इसके पूर्व दो प्रत्यक्षदर्शी मजदूर मुकेश यादव 22 बीरू यादव 22 वर्ष हादसे को देख वहीं मूर्छित हो गए। इधर आननफानन में घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां शत्रुघन मंडल को चिकित्सकों ने शत्रुघन मंडल को मृत घोषित कर दिया।

- बिना सेफ्टी किट के मशीन में काम करने के कारण अब तक हुई कई मजदूर की मौत

जबकि गंभीर रूप से घायल लालजी यादव को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं बेहोश दो मजदूरों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक के चचेरा चाचा मिथिलेश कुमार। के बताए कि उनका भतीजा आलोक कुमार ठेकेदार के अंडर काम करता था। वहीं गंभीर मजदूर लालजी यादव के चाचा भरत यादव के बताया कि सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। इधर मुफ़स्सिल थाना एसआई उमाकांत ओझा व जिरवाबाड़ी थाना के एसआई लव कुमार ने सदर अस्पताल पहुंच मामले की जांच–पड़ताल की।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।